'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'
समाचार गेट
City24News
शहर आपका, खबर आपकी
Digital Media Platform
News app · Online E-Paper · News Portal · Youtube · Facebook · Instagram · Twitter · Tumbler · Reddit
वर्ष 01, अंक 05 पेज 8 | बुधवार 20 मार्च, 2024 | TITLE CODE : HARHIN11569

# नायब सैनी कैबिनेट का विस्तार, अनिल विज को नहीं मिली जगह, 8 मंत्रियों ने ली शपथ

## राव इंद्रजीत सिंह को झटका विरोधी को बनाया मंत्री,पॉजिटिव अंदर, नेगेटिव बाहर

## निर्दलीय विधायक ठगे से रह गए, गठबंधन टूटने के बाद दिया था समर्थन

## पावरफुल हुए भाजयुमो के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष पानीपत ग्रामीण के विधायक महीपाल ढांडा

## स्वभाव (आदतों) के कारण शिकार और फाउल हुए अनिल विज।




**समाचार गेट ब्यूरो**

हरियाणा में नायब सैनी कैबिनेट का विस्तार हुआ है। नायब सैनी कैबिनेट का यह पहला विस्तार है। हरियाणा के नए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लिए निर्वातमान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने टांग न खिंचने वाले सक्षम और ऊर्जावान विधायकों को जिस तरह से मंत्रिमंडल में शामिल कराया है यह उनकी राजनीतिक चतुराई का प्रमाण है। ऐसा लगता है कि इस नए मंत्रिमंडल ने सरकार की सारी इनकंबेंसी समाप्त कर दी है।

कोई कुछ भी कहे सारे मामले में पर्दे के पीछे खड़े पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल एक रणनीतिकार के रूप में दिखाई दे रहे हैं। नए मंत्रिमंडल में कई चीजों का स्पष्ट संकेत है इसमें वह लोग भी हैं जिन्हें मंत्रिमंडल में शामिल करने का वह लोग विरोध करते थे जो खुद को दिग्गज मानते हैं ।

अहम बात है कि अनिल विज को मंत्री नहीं बनाया गया है। विधायक कमल गुप्ता को मंत्री बनाया गया है। कमल गुप्ता ने संस्कृत में पद और गोपनीयता की शपथ ली। मंगलवार शाम साढ़े चार बजे शपथ ग्रहण समारोह शुरू हुआ। सीएम नायब सैनी, राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय समारोह में पहुंचे और उन्होंने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

वह लोग भी हैं जिनके मंत्री बनने की चर्चा कोई करता ही नहीं था। यह भी कि किसी ने परफॉर्म नहीं किया तो हटा दिया। किसी में ऊर्जा नजर आई तो बना दिया। सबसे बड़ी बात यह है कि आज जितने मंत्री बने हैं उनमें कोई निर्दलीय विधायक नहीं है ।अपने आप को मुख्यमंत्री का दावेदार मानने वाले अनिल विज कहीं नहीं है। केंद्रीय मंत्री और अहीरवाल के राजा राव इंद्रजीत सिंह की स्थिति यह है कि जो दो-दो नए मंत्री बनाने की मांग कर रहे थे उनका इस मंत्रिमंडल में एक भी मंत्री नहीं रह गया है उल्टे जिनका विरोध कर रहे थे उसी डॉक्टर अभय सिंह यादव को मंत्री बना दिया गया है। नए मंत्रिमंडल में लगभग सभी प्रमुख वर्गों को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की है ।

सबसे पहले, डॉ. कमल गुप्ता मंत्री बनाए गए। वह हिसार से दूसरी बार लगातार विधायक बने हैं। वह मनोहर लाल सरकार में भी मंत्री थे। वैश्य समुदाय से आते हैं और पेशे से डॉक्टर हैं। इसके बाद सीमा त्रिखा को मंत्रिमंडल में जगह दी गई। उन्हें राज्यमंत्री बनाया गया है। सीमा बड़खल विधानसभा से लगातार दूसरी बार विधायक हैं और खुद ब्राह्मण परिवार से आती हैं। हालांकि, पंजाबी परिवार में उनकी शादी हुई है। वह मनोहर पार्ट-1 सरकार में सीपीएस भी रह चुकी हैं।

तीसरे नंबर पर महिपाल ढांडा ने मंत्रीपद की शपथ ली। ढांडा पानीपत ग्रामीण से लगातार दूसरी बार विधायक बने हैं। बीजेपी किसान मोर्चा के प्रदेश के अध्यक्ष रह चुके हैं। एबीवीपी में भी लंबे समय तक काम करते हुए छात्र नेता रहे। जाट समाज का प्रमुख चेहरा ढांडा रहे हैं। 2019 में जब सभी बड़े जाट नेता और मंत्री चुनाव हार गए थे। तब दोबारा जीतकर विधानसभा पहुंचे थे।

इसके बाद, अंबाला शहर से विधायक असीम गोयल ने मंत्रीपद की शपथ ली और उन्हें राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के रूप में शपथ दिलाई गई है। सैनी सरकार में चौथे मंत्री के तौर पर डॉ. अभय सिंह यादव ने भी शपथ ली है। उन्हें राज्य मंत्री का स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है। डॉ. अभय यादव नांगल चौधरी से दूसरी बार विधायक बने हैं। 2014 में आईएएस से इस्तीफा देकर विधानसभा चुनाव चुनाव लड़ा था। वह पहली बार कैबिनेट मंत्री बनाए गए हैं।

अंत में संजय सिंह ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। संजय सिंह सोहना विधानसभा में पहली बार चुनाव लड़कर जीते हैं। उनके पिता कंवर सूरजपाल बंसीलाल सरकार में मंत्री रह चुके है। संजय राजपूत समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**मंत्रिमंडल विस्तार में राव इंद्रजीत सिंह को झटका**

आज के मंत्रिमंडल विस्तार में केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को बड़ा झटका लगा है। मंगलवार को राव इंद्रजीत सिंह के किसी भी समर्थक विधायक को मंत्री नहीं बनाया गया बल्कि उनके विरोधी गिने जाने वाले नांगल चौधरी से विधायक डॉक्टर अभय सिंह यादव को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। दो दिन पहले यह चर्चा बड़े जोरों पर थी कि मंत्रीमंडल के गठन में वह दो अहीर विधायकों को मंत्री बनाने की मांग कर रहे थे। जिसका उन्होंने इन्कार कर दिया। हालांकि बावल से विधायक डॉक्टर बनवारी लाल पहले से ही शपथ ले चुके हैं। उन्हें भी उनका समर्थक ही माना जाता है लेकिन मनोहर सरकार के दूसरे कार्यकाल में कैबिनेट मंत्री बनने के बाद डॉक्टर बनवारी लाल को राव इंद्रजीत सिंह से ज्यादा पूर्व सीएम मनोहर लाल का खास माना जाता है।

इससे पहले मनोहर लाल की कैबिनेट में राव इंद्रजीत सिंह समर्थित नारनौल के विधायक ओम प्रकाश यादव शामिल थे। लेकिन नायब सैनी के मंत्रिमंडल में उन्हें जगह नहीं मिल पाई। बताया जा रहा है कि मनोहर लाल खट्टर पहले से ही नांगल चौधरी विधायक डॉ अभय सिंह यादव को पसंद करते थे। लेकिन राव इंद्रजीत सिंह के विरोध के कारण उन्हें मंत्री नहीं बनाया गया था।

**निर्दलीय ठगे से रह गए, गठबंधन टूटने पर दिया था समर्थन**

इस दूसरे विस्तार में सबसे अहम बात यह भी देखने को मिली कि एक भी निर्दलीय विधायक को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया। जबकि भाजपा ने जजपा से गठबंधन तोड़कर 6 निर्दलीयों और एक हलोपा विधायक गोपाल कांडा के समर्थन से सरकार बनाई। वहीं जूनियर महिला कोच सेक्सुअल हैरेसमेंट केस में फंसे संदीप सिंह की भी मंत्रिमंडल से छुट्टी कर दी गई।

कुरुक्षेत्र के थानेसर विधानसभा से लगातार दूसरी बार विधायक बने सुभाष सुधा को भी सैनी कैबिनेट में जगह दी गई है। उन्हें स्वतंत्र प्रभार के तहत मंत्री बनाया गया है। सुधा ने साल 2014 में उन्होंने बीजेपी पार्टी ज्वाइन की थी और विधायक बने। इससे पहले, कांग्रेस पार्टी में थे। साल 2003 से पहले इनेलो में रहे हैं। 2009 का विधानसभा चुनाव बतौर निर्दलीय लड़ा था। पंजाबी समुदाय से आते हैं। इसी तरह, विशंभर वाल्मीकि को मंत्री बनाया गया है और स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है। वह बवानी खेड़ा विधानसभा से लगातार दूसरी बार विधायक बने हैं। कैबिनेट में बतौर दलित चेहरा शामिल किए गए हैं। बहुत ही गरीब परिवार से उठकर यहां तक पहुंचे।

**अंबाला शहर के विधायक असीम गोयल पर पार्टी की असीम कृपा, कैंट से चलकर कुर्सी आ गई शहर में**

यदि कमलेश ढांडा को ड्रॉप किया गया है तो जाटों को प्रतिनिधित्व देते हुए पानीपत ग्रामीण से लगातार दो बार विधायक बने महिपाल ढांडा को राज्य मंत्री बनाया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री के विश्वास पात्र पंजाबी समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले सुभाष सुधा भी मंत्रिमंडल में आ गए हैं वह थानेसर का प्रतिनिधित्व करते हैं। हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय कंवर सूरजपाल के पुत्र संजय सिंह को मंत्री बनाया गया है वह राजपूत समाज से हैं सोहना के विधायक हैं। इससे दक्षिणी हरियाणा को भी प्रतिनिधित्व मिला है।

फरीदाबाद जिले से संबंधित दूसरी बार विधायक बनी सीमा त्रिखा भी राज्य मंत्री बनी है। वह जीटी रोड फरीदाबाद और पलवल जिलों का प्रतिनिधित्व करती नजर आएंगी। बेशक भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा में टिकट बांटते हुए दलितों में रविदासी समाज को ही प्रतिनिधित्व दिया है परंतु मौजूदा मंत्रिमंडल में वाल्मीकि समुदाय को प्रतिनिधित्व देते हुए विशंभर वाल्मीकि को भी मंत्री बनाया है। एक तरह से भी अनूप धनक की कमी पूरी करेंगे।अंबाला कैंट के विधायक अनिल विज को बेशक छुट्टी दे दी गई हो लेकिन अंबाला शहर के विधायक असीम गोयल को मंत्री बनाकर जीटी रोड बेल्ट अंबाला जिला और अग्रवाल समाज को प्रतिनिधित्व दिया गया है।

**संजय सिंह (सोहना) के पिता थे केबिनेट मंत्री बेटा बना राज्मंत्री , करेगा गुरुग्राम जिले का प्रतिनिधित्व।**

सीमा त्रिखा पहले विधायक फिर सीपीएस अब मंत्री करेंगी दक्षिणी हरियाणा, जीटी रोड बेल्ट और महिलाओं का प्रतिनिधित्व। मंत्रिमंडल में अकेली महिला।

आज स्टेटस पाने वाले सभी विधायक बेशक राज्य मंत्री बने हैं परंतु सबके पास स्वतंत्र प्रभार रहेगा और वह अपने विवेक से अपने काम को परफॉर्म कर पाएंगे। राजनीतिक विश्लेषण करने वाले लोगों का मानना है कि नया मंत्रिमंडल बहुत ही चतुराई और राजनीतिक कौशल का फल है। नए मुख्यमंत्री को जहां अनुभवी लोग मिले हैं वहीं नवागंतुकों की भी अच्छी टीम मिल गई है। अब नायब सिंह सैनी के मंत्रिमंडल पर नजर डालें तो पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के चहेते रणजीत सिंह सिरसा और फतेहाबाद जिलों में अकेले मंत्री हो गए हैं। वे निर्दलीय विधायकों का भी प्रतिनिधित्व करेंगे। बेशक गोपाल कांडा निराश हुए हो परंतु मौजूदा मंत्रिमंडल में जहां दो मंत्री अग्रवाल समाज के हैं वही हरियाणा विधानसभा के स्पीकर भी ज्ञानचंद गुप्ता भी अग्रवाल है। अहीरवाल में डा बनवारी लाल अकेले कैबिनेट मंत्री तथा डॉक्टर अभय सिंह राज्य मंत्री हैं। राव इंद्रजीत सिंह के समर्थक विधायक ओमप्रकाश यादव की छुट्टी कर दी गई है ।

नेताओं ने मंत्रिमंडल के विस्तार से कई संदेश दे दिए हैं। एक बात पर पर हैरानी व्यक्त की जा रही है कि भारतीय जनता पार्टी ने जिन निर्दलीय विधायकों का समर्थन हासिल करके सरकार बनाई थी उन में एक रणजीत सिंह को छोड़कर किसी को भी मंत्री नहीं बनाया गया। रणजीत सिंह पहले भी मंत्री थे। अब इन निर्दलीय विधायकों को यह लग रहा होगा कि यह क्या हुआ, ताकत उनकी सरकार भाजपा की।

कुछ दिन पहले दिल्ली में सीएम नायब सैनी, पूर्व सीएम मनोहर लाल को केंद्रीय मंत्री अमित शाह और जेपी नड्डा से मंथन के बाद मंत्रिमंडल विस्तार की मंजूरी मिली थी। अब हरियाणा मंत्रिमंडल में 13 मंत्री हो गए हैं।

वहीं पूर्व कैबिनेट मंत्री अनिल विज शपथ समारोह में नहीं पहुंचे । उन्होंने कहा कि मुझे शपथ ग्रहण की कोई जानकारी नहीं है। चर्चा थी कि मुख्यमंत्री नायब सैनी अंबाला कैंट के दौरे के दौरान अनिल विज से मुलाकात कर सकते हैं लेकिन सीएम अनिल विज से बिना मुलाकात के ही वापस लौट गए।

इसे पूर्व 12 मार्च को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ कंवर पाल गुर्जर, जेपी दलाल, मूलचंद शर्मा, डॉक्टर बनवारी लाल के अलावा निर्दलीय विधायक रणजीत सिंह चौटाला ने मंत्री पद की शपथ ली थी।




## मामला एलोपैथिक दवा प्रभाव का

# सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव और बालकृष्ण को किया तलब

**समाचार गेट ब्यूरो**

**नई दिल्ली, 19 मार्च।** एलोपैथिक दवा प्रभाव मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव और बालकृष्ण को तलब किया है. इस मामले पर आज सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया और बाबा रामदेव से पूछा क्यों न कोर्ट की अवमानना के तहत कार्रवाई की जाए. अदालत ने कहा पहली नजर में दोनों ने कानून का उल्लंघन किया है. इस मामले में अब अगली सुनवाई दो हफ्ते बाद होगी.

**सुप्रीम कोर्ट 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' (आईएमए) की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें रामदेव पर टीकाकरण अभियान और आधुनिक दवाओं के खिलाफ मुहिम चलाने का आरोप लगाया गया है.**



पिछली सुनवाई में शीर्ष अदालत ने पतंजलि आयुर्वेद और इसके प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण को नोटिस जारी करते हुए पूछा था कि अपने उत्पादों के विज्ञापन और उनकी औषधीय प्रभावकारिता के बारे में न्यायालय में दिए गए कंपनी के शपथपत्र का प्रथम दृष्टया उल्लंघन करने को लेकर उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही क्यों नहीं शुरू की जानी चाहिए. सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया था कि वह उस विज्ञापन पर पतंजलि के खिलाफ उठाए गए कदमों पर अदालत को स्पष्टीकरण दे, जिसमें मधुमेह, बीपी, थायराइड, अस्थमा, ग्लूकोमा और गठिया आदि जैसी बीमारियों से स्थायी राहत, इलाज और उन्मूलन का दावा किया गया था.

इस साल फरवरी में सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने पतंजलि आयुर्वेद को रोगों के उपचार के लिए अपने उत्पादों का विज्ञापन करने से अगले आदेश तक रोकते हुए कहा था कि "पूरे देश के साथ छल किया गया है.' न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति ए. अमानुल्लाह की पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद और इसके अधिकारियों को उपचार की किसी भी पद्धति के खिलाफ प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी तरह का कोई बयान देने के खिलाफ आगाह भी किया था.

**पतंजलि को लगाई थी फटकार**

29 नवंबर 2023 को पतंजलि आयुर्वेद के विज्ञापनों पर आपतति जताने वाली इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई थी. पतंजलि और रामदेव के बयानों और विज्ञापनों में एलोपैथी और उसकी दवाओं व टीकाकरण के विज्ञापनों के खिलाफ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्र की पीठ ने पतंजलि द्वारा एलोपैथ को लेकर भ्रामक दावे और विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए पतंजलि को फटकार लगाई थी.

# जेल में बंद एल्विश यादव की बढ़ेंगी मुश्किलें, गुरुग्राम पुलिस लेने जा रही बड़ा एक्शन

**समाचार गेट ब्यूरो**



**गुरुग्राम।** नोएडा में गिरफ्तार हुए रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी 2 विनर एलविश यादव से अब गुरुग्राम पुलिस मारपीट के मामले में पूछताछ करेगी। इसके लिए सेक्टर-53 थाना पुलिस एलविश यादव को प्रॉटेक्शन वॉरंट पर लेने की तैयारी कर रही है। पुलिस एक दो दिन के अंदर कार्रवाई शुरू करेगी। एलविश के खिलाफ सेक्टर-53 में दर्ज हुए मारपीट मामले में एलविश यादव व यूट्यूबर मैक्सटर्न उर्फ सागर ठाकुर के बीच समझौते की बात सामने आई थी। हालांकि इसकी जानकारी पुलिस ने होने से इनकार किया है।

रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी 2 विनर एलविश यादव और यूट्यूबर मैक्सटर्न उर्फ सागर ठाकुर के बीच का विवाद काफी बड़ा था। एक्स पर जो विडियो वायरल हुआ था, उसमें एलविश, मैक्सटर्न को बुरी तरह पीटते नजर आए थे, जिसके बाद देशभर में इन्हें ट्रोल्स का सामना करना पड़ा था। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था और एलविश को पूछताछ के लिए बुलाया था। इस बीच एलविश-मैक्सटर्न के बीच हुई सुलह होने की चर्चा भी हुई।

# मोहित ने किया लोहागढ़ केसरी बन पृथला क्षेत्र का नाम किया रोशन : दीपक डागर

## भाजपा नेता ने किया लोहागढ़ केसरी का खिताब जीतने वाले मोहित का भव्य स्वागत

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** पृथला क्षेत्र के गांव फतेहपुर बिल्लौच निवासी पहलवान सुंदर के बेटे मोहित फौगाट द्वारा लोहागढ़ केसरी का खिताब जीतने पर उनका आज गांव पहुंचने पर भाजपा नेता दीपक डागर व ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जहां रोड शो निकालकर ढोल नगाड़ों की थाप पर पूरे गांव में मोहित फौगाट का जगह-जगह स्वागत किया गया वहीं बुजुर्गो ने उन्हें आर्शीवाद देकर उनकी हौंसला अफजाई की। इस मौके पर दीपक डागर ने मोहित फौगाट की इस उपलब्धि की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि इस युवा ने अपनी प्रतिभा से न केवल अपने गांव बल्कि, जिले व हरियाणा का नाम रोशन किया है।



उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की बेहतर खेल नीति का ही परिणाम है कि गांवों में छुपी प्रतिभाओं को आज बेहतर मंच उपलब्ध हो रहा है, जिसकी बदौलत वह अपना और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। श्री डागर ने कहा कि मोहित फौगाट को हाल ही में लोहागढ़ केसरी का खिताब मिला है, जबकि इससे पूर्व वह भारत केसरी, बृज केसरी, राजा सूरजमल केसरी और दो बार फरीदाबाद केसरी का सम्मान हासिल कर चुके है। अपने पिता सुंदर पहलवान और चाचा धरमू की मेहनत और संघर्ष की बदौलत मोहित ने यह मुकाम हासिल किया। दीपक डागर ने मोहित को आर्शीवाद देते हुए कहा कि वह भविष्य में इसी प्रकार अपनी मेहनत की बदौलत अपने गांव, जिले व प्रदेश का नाम विदेशों में भी रोशन करे, ऐसी कामना वह ईश्वर से करते है। इस मौके पर सुंदर पहलवान, धरमू फौगाट, गरीब चंद, प्रवीण, लीलू कोच सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# लोकसभा चुनाव को फ्री एंड फेयर करवाने के बने भागीदार : जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि लोक सभा के आम चुनाव, 2024 के सम्बन्ध में 18-03-2024 को दोपहर 02:00 बजे सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा जिले के सभी बैंक अधिकारियों की मीटिंग का आयोजन किया गया। जहां बैठक में चुनाव बेहतर क्रियान्वयन के लिए भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार विस्तृत जानकारियां दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार फ्री एंड फेयर/ Free and Fair व सुचारू रूप से सम्पन्न करवाया जाना है। जिसमें आदर्श आचार संहिता एवं संपतति विरूपण निवारण अधिनियम (Model Code of Conduct Prevention of defacement of property Act) का पूर्णतया: पालन किया जाएगा।



**उम्मीदवार के लिए हिदायतें:**

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि कोई भी उम्मीदवार चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन नहीं करेगा। ऐसा करने पर उसके विरूद्ध एफआईआर भी दर्ज हो सकती है।

**उम्मीदवार यह कतई ना करें:**

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार बिना अनुमति के अगर उम्मीदवार के समर्थक भी खर्चा करते है, तो उनके विरुद्ध भी कार्यवाही होगी। चुनाव के दौरान कोई भी जनसभा, बिना परमिशन के नहीं की जाऐगी। वाहन, लाउडस्पीकर आदि सभी की परमीशन प्राप्त करके चुनाव कार्य करवाया जाए। उम्मीदवार द्वारा जिस स्थान पर जन सभा करवाई जाए उस स्थान की जन सभा के बाद सफाई आदि साथ-2 करवाई जाए।

**राजनैतिक दलों से आहवानः**

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने राजनैतिक दलों से यह भी आहवान किया है कि किसी भी प्रकार की चुनाव सामग्री में प्लास्टिक का प्रयोग नहीं किया जाना है, क्योंकि प्लास्टिक के प्रयोग पर पूर्णतः पाबंदी है। वहीं मतदान वाले दिन पोलिंग बूथ पर सेल्फी लेने और वोट डालते समय विडियो या फोटो खींचने पर पूर्णत पाबंदी है। यदि ऐसा किया गया तो उस पर चुनाव नियमों के तहत कार्यवाही होगी।

**भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतें:**

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन अनुसार उम्मीदवार अपनी सभा में एक-दूसरे उम्मीदवार के विरूद्ध गलत भाषणबाजी नहीं करेंगे। अर्थात भाषणों में किसी धर्म, जाति या समुदाय के खिलाफ कोई अपशब्द नहीं बोलेगे और किसी व्यक्ति की निजी बुराई नहीं करेंगे। जुलूस का आयोजन करने वाले दल या प्रत्याशी को पहले ही कार्यक्रम के बारे में पुलिस अधिकारियों को सूचना देनी होगी। ताकि वह शानति एवं व्यवस्था बनाये रखने का पर्याप्त इंतजाम कर सकें। रैली व रोड शो के समय ट्रैफिक के नियमों का पालन किया जाए। चुनाव जुलूस की व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए।जहां तक हो सके उन्हें सड़क की दाई ओर रखा जाए और ड्यूटी पर तैनात पुलिस के निर्देश और सलाह का कड़ाई से पालन किया जाए। चुनाव प्रचार के लिए किसी भी पशु-पक्षी आदि जीव का इस्तेमाल नहीं किया जाना है। चुनाव प्रचार में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को शामिल नहीं किया जाना है। कोई भी पोलिंग एजेंट पोलिंग स्टेशन के अंदर फोन लेकर नहीं जायेगा। चुनाव के समय कोई भी कैंडिडेट पोलिग स्टेशन के 200 मीटर के अन्दर प्रचार सामग्री नही लायेगा और न ही कोई बूथ स्थापित करेगा। पोलिंग के दौरान पोलिंग स्टेशन से 200 मीटर की दूरी पर केवल एक मेज दो कुर्सी व एक छाता ही डालकर अपना बूथ स्थापित कर सकता है।

**यह होगी चुनाव के लिए खर्च और जमानत राशि:**

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार लोकसभा चुनाव 2024 में प्रत्येक उम्मीदवार को चुनाव के समय राशि रूपये-95.00.000/- (रुपये पिचानवे लाख) अपने चुनाव आदि पर खर्च कर सकते है। लोकसभा के चुनाव में उम्मीदवार द्वारा रूपये 25.000/- की राशि जमानत के रूप में जमा करवानी होंगी।

# अग्र परिवार मिलन एवं होली समारोह का आयोजन

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** श्री अग्रसेन समाज फरीदाबाद की ओर से सेक्टर -11 स्थित अग्रवाल सेवा सदन में अग्र परिवार मिलन एवं होली मिलन समारोह मनाया गया। इस कार्यक्रम में बीजेपी विधायक नरेंद्र गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर सीनियर सिटीजन, वैवाहिक जीवन सिल्वर जुबली व गोल्डन जुबली, न्यू वोरन बेबी, न्यू मैरिज कप्पल एवं प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया। नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि अग्रवाल समाज सर्व समाज की सेवा करने में सबसे आगे रहता है। महाराजा अग्रसेन जी ने हमें सेवा भाव करना सिखाया था। जिसको अग्रवाल समाज आज तक आगे बढ़ कर रहा है। इस अवसर पर श्री अग्रसेन समाज रजि० फरीदाबाद के अध्यक्ष आई. डी .महाजन ने बताया कि आज अग्रपरिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें शहर



भर में रहने वाले अग्रवाल परिवारों को आमंत्रित किया गया है। जिसमें समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया है साथ ही जिनकी इस वर्ष वैवाहिक जीवन की सिल्वर जुबली और गोल्डन जुबली मनाई है उन्हें भी सम्मानित किया गया है। ताकि युवा पीढ़ी उन्हें देखकर रिश्ते निभाना सीखे। संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण बजाज ने कहा कि यह कार्यक्रम संस्था 24 बर्षों से करती आ रही हैं। इस प्रोग्राम में संस्था के सभी सदस्यों के परिवारों को आमंत्रित किया जाता है इस में बुजुर्गों एवं बच्चों को कासतोर पर बुलाया जाता है जिससे हमारी युवा पीढ़ी जो हमेशा मोबाईल पर बने रहने पर आपने संस्कृति एवं संस्कार भूलते जा रहे हैं। इस प्रोग्राम से बच्चों को एक दूसरे का मान सम्मान करने की सीख मिलती है संस्था के उपाध्यक्ष डॉ संजय गर्ग ने कहा कि बुजुर्गों को सम्मान देना ऊर्जा का स्त्रोत है बच्चों के पास मोबाइल होने से बुजुर्गों के पास बैठना बच्चों ने बंद कर दिया जबकि दादा दादी से बच्चों को प्यार एवं सीखने को मिलता था।

# तिगांव स्थित शिव कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एथलीट मीट का आयोजन

## विजेताओं को किया गया पुरस्कृत



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** तिगांव स्थित शिव कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मंगलवार को एक दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बीएड व एमएड के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विजेताओं को कॉलेज प्रबंधन की ओर से पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में रेस, लांग जंप, शॉर्ट पुट व जैवलिन थ्रो खेल आयोजित हुए। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ जयमाला यादव ने बताया कि एक दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के चेयरमैन विनोद नागर ने रिबन काटते हुए प्रतिभागियों से परिचय लिया। नागर ने सभी को शपथ दिलाते हुए कहा कि अपने फिटनेस व स्वास्थ्य के लिए सभी को 30 मिनट जरूर खेलना चाहिए। इस दौरान प्रिंसिपल ने स्पोटर्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की मोबाइल के बारे में बताते हुए कहा कि खेल शारीरिक विकास के लिए बहुत आवश्यक है। प्रतियोगिता में आयोजित 100 मीटर महिला रेस में निशु फर्स्ट, मोनिका सेकंड व तनु ने थर्ड स्थान हासिल किया। पुरुष वर्ग में अरुण चंदीला, सुरेश व आकाश क्रमश स्थानों पर रहे। 200 मीटर महिला रेस में सोनिया यादव फर्स्ट, सपना सेकंड व खुशबू थर्ड रही। जबकि 400 मीटर रेस पुरुष वर्ग में सुरेश फर्स्ट, संजीव सेकंड व अरुण चंदीला थर्ड रहे। लांग जंप महिला वर्ग में रजनी, निशु व दीपिका क्रमश रही। लांग जंप पुरुष वर्ग में अरुण चंदीला फर्स्ट, संजीव कुमार सेकंड व सुरेश थर्ड रहे। इसी प्रकार शॉर्ट पुट महिला वर्ग में वंदना भड़ाना, निशु व दीपिका सरधना क्रमश रहीं। पुरुष वर्ग में दीपांशु, मनीष व हरीश विजता रहे। जैवलिन थ्रो में आजाद फर्स्ट, दीपांशु सेकंड व अमित तीसरे स्थान पर रहे। विजेता खिलाडियों को मुख्य अतिथि नगर निगम के निवर्तमान पार्षद राकेश भड़ाना ने प्रशसति पत्र व नकद राशी देकर सम्मानित किया। खेल प्रतियोगिता में पीटीआई शैलेंद्र कुमार, कविता, डॉ मुन्नी यादव, शालिनी, व निर्मला की भूमिका अहम रही।

# कार्यकर्त्ता घर-घर पंहुचाएं, मोदी जी की राम-राम : मनोज वशिष्ठ

## बूथ मजबूत करने के लिए फरीदाबाद के 320 शक्ति केंद्रों पर शक्ति केन्द्र प्रवास की हुई शुरुआत

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी जिला फरीदाबाद ने आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए फरीदाबाद जिले के सभी 320 शक्ति केन्द्रों पर शक्ति केंद्र प्रवास की शुरुआत की, जिसमें वक्ताओं ने शक्ति केन्द्र के कार्यकर्ताओं को बूथ को मजबूत करने के गुर सिखाएं। शक्तिकेंद्र प्रवास कार्यक्रम में शक्ति केंद्र प्रमुख, शक्ति केंद्र पालक, बूथ प्रमुख, बूथ समिति और पन्ना प्रमुख व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



पाली मंडल में शक्ति केन्द्र प्रवास कर्यक्रम से इस अभियान की शुरुआत हुई जिसमें विनोद चौधरी जी ने मुख्य वक्ता के तौर पर भाग लिया और कार्यकर्ताओं को बूथ को मज़बूत करने के गुर सिखाए। वक्ताओं ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि हर घर तक मोदी जी की राम राम पहुंचाएं। पाली मंडल में शक्ति केन्द्र प्रवास के दौरान ज़िला महामंत्री मनोज वशिष्ठ ने कार्यकर्ताओं को मेरा बूथ सबसे मजबूत का पाठ पढाया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा चुनावों की तैयारी पूरी है और फरीदाबाद से भाजपा के उम्मीदवार केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर की जीत के मार्जिन को बढ़ाने के लिए लगातार बूथों को मजबूत करने का कार्य लगातार करना है। उन्होंने कहा कि बूथ संगठन की प्राथमिक इकाई है और अगर बूथ मजबूत होगा तो संगठन मजबूत होगा। बूथ की जिम्मेदारी बूथ के त्रिदेव पन्ना समिति और बूथ समिति के हाथ में हैं। बूथ के कार्यकर्ताओं को लोक सम्पर्क और लोक संवाद के जरिये बूथ और संगठन को मजबूत करने का कार्य करना है और आगामी चुनाव में कृष्णपाल गुर्जर को एक बड़ी जीत के साथ तीसरी बार लोकसभा में भेजना है और मोदी जी के 400 पार के नारे को पूरा करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना योगदान देना है। चेयरमैन विनोद चौधरी ने पाली मंडल में मुख्य वक्ता के रूप में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और कहा कि बूथ सशक्तिकरणके लिए प्रत्येक बूथ पर पार्टी का आंकलन कर ज़्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को पार्टी के साथ जोड़ें और पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें। हर बूथ पर कार्यकर्ता लोक संपर्क कर मतदाताओं से मिलें और आगामी चुनाव में फ़रीदाबाद के उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर के पक्ष में ज़्यादा से ज़्यादा वोट डलवाकर एक बड़ी जीत दर्ज कराएँ। इस अवसर पर आर.एन सिंह, सतीश फागना, पाली मंडल अध्यक्ष संदीप भड़ाना, भारत भड़ाना, कविन्द्र चौधरी, विधानसभा विस्तारक पवन कुमार, वीरू सरपंच, अवतार सरपंच, मास्टर इस्लाम, लाला खान, मास्टर राजपाल, मुन्ना लाल चौहान, अनिल कुमार, हन्नी कुमार एवं अन्य कार्यकर्त्ता उपसतिथ रहे।

# होर्डिंग साइटों पर चुनाव प्रचार प्रसार करने वाले के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करना करें सुनिश्चित : विक्रम सिंह

## लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता के नियमों की करें पालना

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि विभिन्न विभागों की होर्डिंग साइटों पर चुनाव प्रचार प्रसार करने वाले के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार होर्डिंग लगाने वाले को नोटिस देकर उसको जुर्माना करना सुनिश्चित करें। वहीं ऑनलाइन पोर्टल पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सभी नोडल अधिकारी अपने अपने दायित्व और जिम्मेवारियां को अपडेट रखें। लॉ एण्ड ऑर्डर की डेली बेसिस पर रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें। वहीं भारत निर्वाचन आयोग को भी डेली बेसिस पर की जाने वाली रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी के मुख्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 18वीं लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही पूरे देश के साथ जिला फरीदाबाद में भी आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है, जिसका पालन करना सभी के लिए जरूरी है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ जनप्रतिनिधि अधिनियम के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह आज मंगलवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के



अनुसार लगाए विभिन्न नोडल अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा की गई चुनाव घोषणा के अनुसार जिला फरीदाबाद सहित पूरे प्रदेश में आगामी 25 मई को लोकसभा के चुनाव होंगे, जिसके लिए 29 अप्रैल को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी की जाएगी और 06 मई तक नामांकन किए जा सकेंगे। उन्होंने आगे बताया कि 07 मई को नामांकनों की छटनी का कार्य होगा और 09 मई तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। वहीं 25 मई को मतदान होगा। जबकि 04 जून को मतगणना होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में बूथों को चेक करना सुनिश्चित करें। स्वीप एक्टिविटी के जरिए अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने नोडल ऑफिसर फॉर कंप्यूटराइजेशन साइबर सिक्योरिटी एंड आईटी कमिश्नर एमसीएफ श्री स्वपनिल रविंद्र पाटिल व एडीआईओ श्री विपिन कुमार को, नोडल ऑफिसर टू स्वीप एडीसी श्री आनंद कुमार शर्मा को, नोडल ऑफिसर फॉर लॉ एंड ऑर्डर वीएम एंड सिक्योरिटी प्लान मिस डीसीपी सेंट्रल जसलीन कौर को नियुक्त किया गया है। नोडल ऑफिसर फॉर ट्रेनिंग मैनेजमेंट सीइओ जिला परिषद सतबीर मान को, फॉर मैन पावर मैनेजमेंट के लिए सीटीएम अंकित कुमार व डीआईओ एलएन मित्तल को, वहीं नोडल ऑफिसर फॉर मैटेरियल मैनेजमेंट सीइओ एफएमडीए श्रीमती गौरी मिड्ढा व कार्यकारी अभियंता पीडब्लूडी बी एण्ड आर प्रदीप सिंधु को, नोडल ऑफिसर फॉर ट्रांसपोर्ट अरेंजमेंट के लिए मुनीश सहगल एचपीएस, आरटीए मुनीश सहगल को जिम्मेदारी के दिशा-निर्देश दिए गए हैं। वहीं नोडल ऑफिसर फॉर मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट बेहतर क्रियान्वयन के लिए अतिरिक्त कमिश्नर एमसीएफ गौरव अंतिल को, नोडल ऑफिसर टू एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग डीईटीसी नॉर्थ सूरज मालिक को, नोडल ऑफिसर फॉर बैलट पेपर पोस्टल बैलेट पेपर व ईटीपीबीएस ज्वाइंट कमिश्नर एमसीएफ श्री गजेन्द्र सिंह, सचिव जिला सैनिक बोर्ड कैप्टन रजनीश छवारी को, नोडल ऑफिसर फॉर मीडिया और सोशल मीडिया डीआईपीआरओ राकेश गौतम को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार नोडल ऑफिसर फॉर कम्युनिकेशन प्लान सीटीएम श्री अंकित कुमार को, नोडल ऑफिसर फॉर इलेक्ट्ररोल/ ईआरओ 85 पृथला विधानसभा क्षेत्र मतदाता सूची के लिए नोडल अधिकारी सिद्दार्थ दहिया को, एआरओ 86-फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा क्षेत्र एडीसी आनंद कुमार शर्मा को, एआरओ बडख़ल - 87 एसडीएम श्री अमित मान, एआरओ 88-बल्लभगढ़ एसडीएम त्रिलोक चंद, एआरओ 89-फरीदाबाद विधान सभा क्षेत्र श्रीमती शिखा को और एआरओ 90-तिगावं विधान सभा क्षेत्र सीईओ जिला परिषद सतबीर सिंह को नियुक्त किया गया है।

# नायब सरकार में सीमा त्रिखा बनी मंत्री, समर्थकों ने जताई खुशी

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** नायब सरकार में बडखल की विधायक सीमा त्रिखा को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है। उनके मंत्री बनने की खबर जैसे ही उनके समर्थकों को मिली उनके सेक्टर-21ए स्थित निवास पर तांता लग गया और ढोल नगाड़ों के साथ उन्होंने अपनी खुशी का इजहार किया। सीमा त्रिखा इससे पूर्व मनोहर सरकार में भी मुख्य संसदीय सचिव पद पर आसीन रह चुकी है। 31 अगस्त 1968 को जन्मी सीमा त्रिखा ने एम.ए. एलएलबी की शिक्षा हासिल की हुई है। उनके पति अश्वनी त्रिखा पेशे से वकील है, जबकि उनके परिवार में एक पुत्री है, जिसका नाम दिशा मल्होत्रा है



**राजनीति में आने से पहले थी शिक्षक**

श्रीमती सीमा त्रिखा गृहस्थ जीवन के साथ-साथ एक शिक्षक भी थी। उन्होंने राजनीति में आने से पहलेसैक्टर-9 स्थित सैंट एंथोनी स्कूल व एन.एच.पांच स्थित सेंट जोसफ स्कूल में एक अध्यापक रही।

**सीमा त्रिखा का राजनैतिक सफर**

2005 में फरीदाबाद नगर निगम की पार्षद चुनी गई। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुई। उनके सक्रियता को देखते हुए उन्हें जिला महिला मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया। उसके बाद भाजपा में फरीदाबाद की जिला महामंत्री रही। 2009 में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह के सामने भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा और चुनाव में पराजित हो गई। इसके बाद वर्ष 2014 में फिर से उन्हें भाजपा ने बडख़ल विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया और उन्होंने कांग्रेस के दिग्गज नेता चौ. महेन्द्र प्रताप सिंह को पराजित कर हरियाणा विधानसभा में कदम रखा। फिर उन्हें सरकार में मुख्य संसदीय सचिव का दायित्व मिला। 2019 में उन्हें तीसरी बार भाजपा ने बडख़ल विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया और महेन्द्र प्रताप के पुत्र विजय प्रताप सिंह को पराजित कर दूसरी बार विधायक बनी। इसके अलावा विधानसभा की विभिन्न कमेटियों में चेयरमैन के अलावा विभिन्न पदों पर रही। आज उन्होंने हरियाणा सरकार में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के रूप में शपथ ली।

## 104 वर्षीय वृद्धा बोहती देवी का स्वर्गवास

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** गांव झाडसैंतली निवासी 104 वर्षीय बोहती देवी स्वर्गीय श्री शोभाराम का देर साय निधन हो गया। बता दे की बोहती देवी धर्म आचरण, सत्यवादी एवं परोपकारी युग का अंत, आज हमारे डागर परिवार गाँव झारसैंटली की सबसे ज्यादा उम्रदराज,बहुत ही मिलनसार,परोपकारी,दयालु आदरणीय बोहती देवी का 104 वर्ष की आयु में निधन हो गय। गांव झाडसैंतली ही नहीं अपितु आसपास के कई गांवो में सबसे ज्यादा उम्र की थी। बोहती देवी के पांच पुत्र व दो बेटियां है। उनके पुत्रों में सबसे बड़े पुत्र मास्टर हरी राम हुए व समाजसेवी डॉक्टर जिले सिंह डागर के अलावा उनके तीन पुत्र व भरा पूरा परिवार है। जेली सिंह डागर ने बताया कि उनकी माताजी गांव ही नहीं बल्कि आसपास के कई गांव में सबसे ज्यादा उम्र की थी उनका स्वास्थ्य अंतिम समय तक भी ठीक रहा है उन्हें कभी किसी प्रकार की कोई लंबी बीमारी का सामना नहीं करना पड़ा।

# जावेद हबीब ने श्रीजा की युवतियों को दिया प्रशिक्षण

## कहा, प्रशिक्षित से ही करवाना चाहिए कैमिकल ट्रीटमेंट



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** देश के प्रसिद्ध हेयर स्टाइलिश जावेद हबीब ने श्रीजा वैलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित विशेष वर्कशॉप में महिलाओं व युवतियों को बालों को लेकर प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर श्रीजा वैलफेयर सोसायटी की अध्यक्षा निधि अग्रवाल भी मौजूद रहीं। इस मौके पर निधि अग्रवाल ने बताया कि इस वर्कशॉप में जावेद हबीब ने युवतियों को बालों में किए जाने वाले कैमिकल ट्रीटमेंट को लेकर गहनता से जानकारी दी तथा प्रैक्टिकल प्रशिक्षण भी दिया। जावेद हबीब ने कहा कि कैमिकल बुरे नहीं हैं लेकिन उनका प्रयोग सही तरीके से करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कैमिकल ट्रीटमेंट केवल प्रशिक्षित व्यक्ति से ही करवाना चाहिए अन्यथा उससे बालों सबंधित परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही उन्होंने हेयर स्टाइलिंग व हेयर ड्रैसिंग के क्षेत्र में अपना करियर बनाने की चाह रखने वाली युवतियों व युवकों का भी मार्गदर्शन किया। निधि अग्रवाल ने बताया कि श्रीजा वैलफेयर सोसायटी महिला सशिक्तकरण के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से युवतियों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के कार्य में जुटी हुई है और यह वर्कशॉप भी उसी दिशा में उठाया हुआ कदम है। वहीं इस अवसर पर जावेद हबीब ने कहा कि उनके पेशे को देसी भाषा में नाई कहा जाता है परंतु आज वे अपने इसी पेशे से देश-विदेश में पहचान रखते हैं। इसलिए किसी कार्य को छोटा नहीं समझना चाहिए। इस वर्कशॉप में 100 से अधिक महिलाओं व युवतियों ने भाग लिया जिसमें उन्होंने बालों की साज सज्जा के साथ-साथ बालों व ट्रीटमेंट को लेकर उनके भ्रम भी दूर किए।

# अग्रवाल कॉलेज में एनएसएस के 7 दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया




समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** अग्रवाल कॉलेज, बल्लबगढ़ में 18 मार्च, 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के 7 दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन समारोह की मेजबानी की गई, जो सामुदायिक सेवा और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।

यह समारोह सम्मानित प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ, जो इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन सेवा और एकता की उज्ज्वल भावना का प्रतीक, दीया जलाकर मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। समारोह में अपने संबंधित कार्यक्रम अधिकारियों, डॉ. शोभना गोयल, डॉ. सुप्रिया और सुश्री रितिका के साथ, सेवा और सशक्तिकरण की एक सप्ताह लंबी यात्रा शुरू करने के लिए तैयार सभी तीन एनएसएस इकाइयों की उत्साही भागीदारी देखी गई।

डॉ. शोभना गोयल ने अपने स्वागत भाषण में सभी उपस्थित लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और शिविर की कार्यवाही की रूपरेखा प्रस्तुत की। स्वयंसेवकों ने नृत्य और गीत सहित प्रदर्शनों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जो सामुदायिक जुड़ाव और सामाजिक परिवर्तन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, आत्मनिर्भर भारत विषय पर प्रतिभाशाली समूह द्वारा एक विचारोत्तेजक नुक्कड़नाटक प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य संजीव कुमार गुप्ता ने अपने वक्तव्य में स्वयंसेवकों द्वारा प्रदर्शित समर्पण और जुनून की सराहना की और समाज में सेवा और करुणा की संस्कृति को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका के महत्व पर जोर दिया। समारोह का समापन करते हुए डॉ. सुप्रिया ने एनएसएस इकाइयों के प्रति स्वयंसेवकों के अमूल्य योगदान और अटूट समर्थन के लिए सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए अग्रवाल कॉलेज की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# जीवन ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के साथ अमित देशवाल का सीबीआई में सब इंस्पेक्टर चयन होने पर किया जोरदार स्वागत



समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

**पलवल।** जीवन ज्योति सी. सै. स्कूल के प्रांगण में आज स्कूल के छात्र रहे अमित देशवाल को सी.बी.आई.में सब-इंस्पेक्टर बनने पर फूलमाल तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जीवन ज्योति ग्रुप आफ स्कूल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर वीरेन्द्र गहलौत ने अमित देशवाल व उनके ताऊ घोड़ी गांव के सरपंच जयपाल देशवाल का भी स्वागत कर सम्मान किया और अमित देशवाल को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। स्कूल के प्रबंधक महोदय ने बताया कि अतिम देशवाल ने नर्सरी कक्षा से बारहवीं कक्षा तक पढाई जीवन ज्योति स्कूल पलवल से ही की थी। उसके बाद अमित ने गुरूग्राम कालेज से ग्रुजेएशन की पढ़ाई की। उसके बाद अपने सफर को मुकाम तक पहुंचाने के लिए अमित निरंतर आन लाईन के माध्यम से पढ़ाई की। जिसके बाद 30 विद्यार्थियों में से चार राउंड की परीक्षाओं को पास करते हुए हरियाणा के अंतिम 3 विद्यार्थियों में अपनी जगह सुनिश्चित की और अभी हाल में ही सब इंस्पेक्टर की ट्रैनिंग पूरी कर मुंबई के सी.बी.आई. डिपार्टमैंट में बैंक एण्ड सिक्यूरिटी ब्रांच में बतौर सब इंस्पेक्टर ज्वाइन किया है।

अमित देशवाल ने दसवीं कक्षा सर्त2014 तथा बारहवीं सर्त2016 में सी.बी.एस.ई. से पास की थी। अमित पढाई में स्कूल के मेद्यावी छात्र रहे हैं। रणपाल देशवाल (दिवंगत) भी हरियाणा पुलिस में थे तथा इनकी माता श्रीमती संतोष एक गृहणी हैं। अमित देशवाल ने सभी स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए अपने वक्तव में कहा कि मैं धन्य हूं जो आज मुझे अपने जीवन संगनी जैसे जीवन ज्योति स्कूल के प्रांगण में बतौर आफिर बन सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ है। अमित ने बताया कि जीवन ज्योति स्कूल का मैं हमेंशा गुणगाान करूंगा जिसकी बदौलत आज मैं इस मुकाम पर हूं। मैं आज स्कूल मेनेजमैंट के सभी सदस्यों और स्कूल स्टाफ का धन्यवाद करता हूं। अमित ने प्रांगण में बैठे सभी छात्रों से अपने जीवन में मिली कामयाबी के सफर को सांझा किया और जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने की सलाह दी। सभी छात्रों को परीक्षाओं के लिए शुभकामनाऐं देता हूं। स्कूल चेयरमैन श्री बीरपाल गहलौत रंजीत गहलौत प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार अभिनन्दन गुप्ता जितेन्द्र फोगाट तथा सभी स्कूल स्टाफ ने अमित देशवाल उनके ताऊ घोड़ी गांव के सरपँच जयपाल देशवाल का फूलमाला डालकर मिठाई खिलाकर स्वागत कर अमित के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रबंधक ने कार्यक्रम के अंत में अमित देशवाल को साल मोमेंटो तथा सम्मान राशि भेंट कर उनका मान-सम्मान बढाया। स्कूल के प्रबंधक महोदय वीरेंद्र गहलोत ने स्कूल के सभी स्टूडेंट्स को अमित से सीख लेकर अपने भविष्य में लक्ष्य निर्धारित कर एक सही मुकाम पर पहुंचने के विचारों को सांझा किया।

# कृष्णपाल गुर्जर ने आज पलवल में होडल क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की बैठक ली



समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

**पलवल।** लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने आज पलवल में होडल क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की बैठक ली। बैठक में तीसरी बार भाजपा की जीत का दावा किया और जगज- जगह हो रहे विरोध प्रदर्शनों पर भी कृष्णपाल गुर्जर ने अपनी प्रतिक्रिया दी और विरोधियों पर निशाना साधा। इस अवसर पर हरियाणा राज्य फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष दिनेश अदलखा,भाजपा जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, भाजपा नेता हरेंद्र रामरतन सहित पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे। पलवल में भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश भर में चुनावी रैलियां कर रहे है। लोगों का अपार जनसमर्थन भाजपा को मिल रही है। वहीं दूसरी तरफ विपक्ष की तरफ से कोई हलचल नहीं है। लड़ने से पहले ही विरोधियों ने हार स्वीकार कर ली है। देश और दुनिया में मोदी जी की लहर चल रही है। देश ही नहीं बल्कि दुनिया ने भी यह मान लिया है कि तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना तय है। गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश दुनिया का सिरमौर बनेगा। भारत को विश्वगुरू बनाने के लिए मोदी जी ने अथक प्रयास किया है। अमृत काल के दौरान भारत को श्रेष्ठ भारत बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। भारत आर्थिक रूप से मजबूत बन रहा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से भारी वोटों के साथ विजय हासिल करेंगे और मोदी जी के हाथों को मजबूत करने का काम करेगें। वहीं उन्होंने इलेक्टोरल बांड पर भी जबाव देते हुए कहा कि चंदा लेना हर पार्टी का काम है ये कोई चुनावी मुद्दा नहीं है।

# अतिक्रमण हटवाने के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त : जिलाधीश नेहा सिंह



समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

**पलवल।** जिलाधीश नेहा सिंह ने भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता-1973 की धारा 22( I) व 23 ( II) में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए ग्राम पंचायत बहरौला में विभिन्न स्थलों पर पंचायत की जमीन से 28 मार्च को अनाधिकृत अतिक्रमण हटाने के दृष्टिगत कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए पंचायती राज विभाग पलवल के उपमंडल अभियंता अर्शद अली को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। जिलाधीश नेहा सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार अप्रैल-2024 में शहरी नियंत्रित क्षेत्र पलवल, होडल, हथीन, पृथला और जिला पलवल में शैड्यूल रोड राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रतिबंधित बेल्ट से अनधिकृत निर्माण, उपनिवेशीकरण के विध्वंस के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला नगर योजनाकार नरेंद्र नैन को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। जिलाधीश के अनुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट दंड प्रक्रिया संहिता-1973 के तहत कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियों का प्रयोग करेंगे।

# क्राइम ब्रांच पलवल ने देसी पिस्टल अवैध हथियार सहित आरोपी को पकड़ा



समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

**पलवल।** एसपी डॉ.अंशु सिंगला के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान अवैध हथियार धारकों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है। इसी मुहिम के अंतर्गत गत दिनांक 18 मार्च 2024 को क्राइम ब्रांच पलवल प्रभारी निरीक्षक उमर मोहम्मद की टीम में तैनात हेड कांस्टेबल साबिर ने थाना शहर पलवल क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड पलवल से गांव गुलाबद निवासी एक आरोपी को एक देशी पिस्टल अवैध हथियार सहित काबू किया। अवैध हथियार को कब्जा में लेकर आरोपी के विरुद्ध संबंधित थाना शहर पलवल में शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि अवैध हथियार धारकों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# लोकसभा चुनाव को लेकर जिला में बनाई एफएसटी व एसएसटी की टीमें, एप डाउनलोड करवाकर चलाने की दी ट्रेनिंग



समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

**पलवल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किए सीविजिल और ईएसएमएस एप की संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को जानकारी देने और एप डाउनलोड करवाने को लेकर मंगलवार को जिला सचिवालय के सभागार में बैठक की गई। इसके साथ-साथ ट्रेनिंग का आयोजन भी किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रही जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिला के अधिकारी व कर्मचारी निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ लोकसभा के चुनाव करवाएं। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि 'सीविजिल' का अर्थ जागरूक नागरिक है और यह स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचनों के संचालन में नागरिकों द्वारा निभाई जाने वाली सक्रिय और जिम्मेदार भूमिका पर जोर देती है। नेहा सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किए गए सीविजिल एप से माध्यम से आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन की शिकायतें अब आम नागरिक भी कर सकेंगे। शिकायत सीविजिल एप पर आने के बाद जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त की गई टीम मौके पर जाकर कार्रवाई करेगी और शिकायत का समाधान के बारे में एप पर जानकारी देगी। इस दौरान पलवल के एसडीएम नरेंद्र कुमार और हथीन के एसडीएम संदीप अग्रवाल द्वारा भी संबंधित अधिकारियों को सीविजिल और ईएसएमएस एप के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर सीटीएम अप्रतिम सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

सीविजिल और ईएसएमएस एप के बारें में विस्तार से जानकारी देते हुए जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी डी.पी. कुलश्रेष्ठ ने बताया कि सीविजिल एक उपभोक्ता अनुकूल मोबाइल एप्लीकेशन है, जिसे संचालित करना बहुत ही सरल है। इस एप की विशिष्टता यह है कि यह केवल लाइव फोटो,वीडियो और एप के भीतर से ऑटो लोकेशन ही कैप्चर करता है और नागरिकों को गैलरी में रखी पुरानी वीडियो और फोटों अपलोड करने की जानकारी नहीं देता है। ट्रेनिंग के दौरान गठित की गई उडनद्रस्ता (एफएसटी) और निगरानी दल (एसएसटी) के सदस्यों को एप डाउनलोड करवाकर इस एप को चलाने के बारे में भी पूर्ण जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि यदि बाद में भी कोई तकनीकी समस्या आती है तो इन टीमों के सदस्य जिला सचिवालय के तृतीय तल पर स्थित एनआईसी (राष्ट्रीय सूचना एवं विज्ञान) के कार्यालय में जाकर तकनीकी सहायता ले सकतें हैं। जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी डी.पी. कुलश्रेष्ठ ने बताया कि नागरिक द्वारा शिकायत दर्ज करने के बाद, सूचना जिला नियंत्रण कक्ष में आ जाती है, जहां से उसे फील्ड यूनिट को सौंप दिया जाता है। एक फील्ड यूनिट में उडन.दस्ता, स्थेतिक निगरानी टीम, रिजर्व टीम आदि शामिल रहते हैं। प्रत्येक फील्ड यूनिट में एक जीआईएस-आधारित मोबाइल एप्लीकेशन होगा, जिसे 'सीविजिल इंवेस्टीगेटर' कहा जाता है, जिससे फील्ड यूनिट जीआईएस संकेतों और नेविगेशन तकनीक का अनुसरण करके सीधे लोकेशन पर पहुंचती है और कार्रवाई करती है।

निर्णय और निपटान के लिए संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को ऑनलाइन भेजी जाती है रिपोर्ट

फील्ड यूनिट में शिकायत पर कार्रवाई होने के बाद, उनके द्वारा निर्णय और निपटान के लिए संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को अन्वेषक ऐप के माध्यम से फिल्ड रिपोर्ट ऑनलाइन भेजी जाती है। जागरुक नागरिक को 100 मिनट के भीतर स्थिति के बारे में सूचित किया जाता है। ईएसएमएस एप से चुनावों में पारदर्शिता बढ़ेगी।मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए धन-बल और चुनावी प्रलोभनों के इस्तेमाल पर इससे नजर रखी जा सकती है। आचार संहिता के दौरान पकड़ी गई नकदी, शराब और अन्य ड्रग्स की एंट्री करनी होगी। यदि आचार संहिता के दौरान एफएसटी, एसएसटी टीम की ओर से नकदी, शराब, हथियार आदि जब्त किए जाते हैं तो उनका रिकॉर्ड भी ऑनलाइन रखा जाएगा।

BHANU PRATAP SINGH
9687622165 | 9978622651
Hi ENGINEERING TECH
MFG OF: PROGRESSIVE STAMPING TOOLS AND DIES , JIG FIXTURE GAUGES SPM , POWER PRESS HYDRAULIC PRESS AND PRECISION SHEET METAL COMPONTNTS
SHED NO. 66/67, VISHWAKARMA IND.ESTATE ROAD NO.5, G.I.D.C.,KATHWADA, AHMEDAVBAD - 382430.
hitech493@gmail.com
bpsingh493@gmail.com
www.hitechpowerpressindia.com

## संपादकीय

# 2024 में इतिहास बनना तय है!



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

2024 लोकसभा चुनाव में इतिहास बनना तय है। अगर नरेंद्र मोदी की बीजेपी सरकार जीत की हैट्रिक बनाती है, तो भी इतिहास बनेगा। नरेंद्र मोदी पहले ऐसे गैर कांग्रेसी नेता होंगे, जो लगातार तीन बार प्रधानमंत्री पद के लिए चुने जाएंगे। अगर नतीजे बीजेपी के खिलाफ गए तो भी इतिहास बनेगा। 2024 का मुकाबला नरेंद्र मोदी वर्सेज विपक्ष है। राजनीतिक नजरिये से इसे एनडीए बनाम इंडिया गठबंधन का नाम दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दावा किया है कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 370 और एनडीए कुनबे को 400+ सीटें मिलेंगी। एनडीए के मुकाबले के लिए कांग्रेस, टीएमसी, आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, एनसीपी शरद पवार, शिवसेना, डीएमके, सीपीआई समेत कई पार्टियां एकजुट हुईं हैं। एनडीए के साथ बिहार में जेडीयू, लोकजनशक्ति पार्टी और हम है, जबकि यूपी में सुभासपा, आरएलडी और अपना दल (सोनेलाल) के साथ बीजेपी ने गठबंधन किया है। राजनीतिक विश्लेषकों की नजरें हिंदी पट्टी के चार बड़े राज्यों यूपी, बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान के अलावा दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ और झारखंड पर टिकी हैं। 2019 के आम चुनाव में बीजेपी और एनडीए ने 95 फीसदी से ज्यादा सीटें जीत ली थीं। इसके अलावा गुजरात और महाराष्ट्र में भी बीजेपी को बड़ा फायदा मिला था। कांग्रेस पार्टी के लिए 2024 का चुनाव अस्तित्व की लड़ाई जैसी है। इसके अलावा क्षेत्रीय दलों का भविष्य भी मई में होने वाले चुनाव नतीजों पर टिकी हैं। अभी तक पश्चिम बंगाल में टीएमसी और पंजाब में आम आदमी पार्टी दो ऐसी पार्टियां सामने आई हैं, जो अपने-अपने राज्यों में बीजेपी का कड़ा मुकाबला कर रही है। महाराष्ट्र में शिवसेना और एनसीपी में बंटवारे के बाद विपक्ष की स्थिति कमजोर हो चुकी है।

## कांग्रेस से हो रहे पलायन को देखने के लिए क्या मजबूर हैं पार्टी के आला नेता?

लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस को रोज एक न एक झटका लग रहा है। उसके नेता कब उसका साथ छोड़ दें पता नहीं चलता। जैसे ही कोई चुनाव शुरू होता है, उसी समय से नेताओं का कांग्रेस छोड़कर जाना शुरू हो जाता है। कांग्रेस के दिग्गज एवं कद्दावर नेताओं में नाराजगी, हताशा एवं राजनीतिक नेतृत्व को लेकर निराशा के बादल लगातार मंडरा रहे हैं, पार्टी लगातार बिखराव एवं टूटन की ओर बढ़ रही है। पार्टी में उल्टी गिनती चल रहा है, लेकिन आश्चर्य इस बात को लेकर है कि इस उल्टी गिनती को रोकने के लिए कोई मजबूत उपाय नहीं हो रहे हैं। पार्टी से एक के बाद एक वरिष्ठ नेता कांग्रेस का दामन छोड़ने में लगे हुए हैं, कांग्रेस छोड़ने वाले इन नेताओं में कुछ राहुल गांधी के खास रहे हैं तो कुछ सोनिया गांधी के। पहले कांग्रेस में गिनती वन, टू, थ्री से होती थी। आजकल थ्री, टू, वन से होती है। पार्टी को मजबूती देने एवं पार्टी छोड़ कर जाने वाले नेताओं को रोकने की गिनती कौन शुरू करेगा? कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले देश में एकता यात्रा और उसके बाद अब न्याय यात्रा निकाल रहे हैं लेकिन वे पार्टी के भीतरी असंतोष एवं निराशा को रोकने का अभियान क्यों नहीं शुरू करते? क्या गांधी परिवार का अहंकार एवं परिवारवादी सोच ही पार्टी के टूटने का कारण है?

# अशोक पैकेन बने जांगिड समाज के जिला अध्यक्ष, 3 वर्ष के कार्यकाल के लिए निर्विरोध चुने गए

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सब डिवीजन के गांव रामबास निवासी एवं पूर्व प्राचार्य अशोक पैकेन को महेंद्रगढ जिला जांगिड ब्राह्मण के प्रधान पद की जिम्मेवारी मिलने पर समाज के लोगों ने उनका फूलमालाओं व पगडी पहनाकर सम्मानित किया है। कार्यकारिणी की बैठक में उन्हें तीन वर्ष कार्यकाल के लिए निर्विरोध रूप से जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने के बाद अशोक पैकेन ने पत्रकारों से कहा कि उनकी ओर से समाज के उत्थान को लेकर कार्य किए जाएगें। समारोह में रोहताश नम्बरदार ने कहा कि अशोक पैन की ओर से पिछले समय से लगातार सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं। भगवान विश्वकर्मा प्रकट दिवस पर समाज के प्रतिष्ठित लोगों व मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समाज के लोगों ने उनकी नियुक्ति पर मिठाई बांटकर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि



जल्द ही उनकी ओर जिले की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इस मौके पर पंचम नांगल चोधरी, मनोज कुमार, लक्ष्मीनारायण, रमेश कुमार, राजेंद्र कुमार आर्य, ओमप्रकाश आर्य, राजेश कुमार महेंद्रगढ, एडवोकेट बजरंगलाल, ब्रह्मदत्त जांगिड, मुकेश नम्बरदार, मदनलाल, सत्यवीर सिंह,कैलाश कुमार सूरजभान, छोटेलाल, दाताराम, योगेश कुमार, रामोतार, प्रमोद कुमार, मा. कंवरसैन वशिष्ठ, मा. कृष्णप्रकाश, मनोज सिहोर, दिनेश कुमार, नरेंद्र यादव उपस्थित थे।

# कनीना में मोलडनाथ का धार्मिक मेला आज

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** फाल्गुण मास शुक्ल पक्ष की एकादशी के मौके पर बुधवार 20 मार्च को कनीना में बाबा मोलड़ नाथ की स्मृति में विशाल धार्मिक मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले के दृष्टिगत मंगलवार को भंडारे लगाने का दौर शुरू हो गया है। सूबेदार रणवीर सिंह व सुभाष यादव ने बताया कि उनकी ओर से 9वें भंडारे का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ राव अभीजीत सिंह ने किया। भंडारे में चौधरी बुधराम, रमेशचंद, कंवर सिंह जेलदार, बबलू, रामफल, दिलावर सिंह का

**ऊंट व घोडी दौड़ रहेगा मेले का प्रमुख आकर्षण,प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मिलेगें 51 हजार**

सहयोग रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले पखवाडेभर से मेले की तैयारियां की जा रही थी। उन्होंने बताया कि इस धार्मिक मेले में खेलकूद प्रतियोगिता के अलावा ऊंट व घोड़ी दौड़ मुख्य आकर्षण रहता है। जिसमें श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेला कमेटी की ओर से नकद पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। मंगलवार रात्री के समय जागरण होगा जिसमें हरियाणवी गायक कलाकार विकास पासौरिया, रजनी शर्मा, मुकेश करनवासि, अंजू शर्मा, सरिता, सोनू,मनोज शर्मा की ओर से धार्मिक भजनों की प्रस्तुती दी जायेगी। 20 मार्च को सुबह हवन के बाद कनीना-सिहोर मार्ग पर ऊंट व घोड़ी दौड़ होगी। फुटबॉल मैदान में 51 रूपये से लेकर 31 हजार रूपये तक की कुश्ति होगी। ऊंट व घोडी दौड़ में प्रथम स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को 51हजार-51 हजार रूपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। इसी प्रकार द्वितीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 41 हजार,तृतीय को 31हजार,द्वितीय को 21 हजार तथा तृतीय को 11 हजार रूपये के अलावा ग्रुप दौड में प्रथम स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को 5100 रूपये का नकद शांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। मेले में दर्जनभर भंडारे आयोजित होगें। मेले में हजारों की संख्या में श्रधालुओं के पहुंचने की संभावना है। शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए मेला कमेटी तथा पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है।

# जिलाधीश ने चुनाव प्रक्रिया के दौरान आर्म्स जमा करवाने के आदेश किए पारित

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिलाधीश धीरेंद्र खडग़टा ने दंड प्रक्रिया संहिता 197 की धारा 144 व शस्त्र अधिनियम 1959 के तहत आदेश पारित कर आदर्श चुनाव आचार संहिता के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार चुनाव की घोषणा से परिणाम घोषित होने तक किसी भी प्रकार के आग्नेय अस्त्र व हथियार साथ लेकर चलने पर पाबंदी लगाई है तथा सभी लाइसेंस धारकों से अपने हथियार संबंधित पुलिस थाना या अधिकृत आर्म्स डीलर्स के पास जमा करने के निर्देश दिए हैं। हथियार जमा करने के साथ ही इसकी रसीद अवश्य प्राप्त कर लें, ताकि चुनाव के

**आग्नेय अस्त्र व हथियार साथ लेकर चलने पर पाबंदी भी लगाई**

**संबंधित थाना या डीलर्स के पास हथियार जमा करवाकर रसीद अवश्य प्राप्त करें**

बाद हथियार को प्राप्त करने में आसानी हो। जिलाधीश ने यह आदेश लोकसभा आमचुनाव के दौरान मानव जीवन और संपतति को किसी खतरे से बचाने व शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न करवाने के उद्देश्य से जारी किए हैं। जिलाधीश ने आदेशों में स्पष्ट किया है कि शस्त्र अधिनियम 1959 के तहत सभी लाइसेंस धारक, जिसमें विभिन्न बैंकों व निजी बैंकों में तैनात अधिकृत सुरक्षा गार्ड, विभिन्न एटीएम में तैनात सुरक्षा गार्ड, जिला नूंह में एटीएम में नकदी भरने वाली वैन आदि में तैनात सुरक्षा गार्ड, डयूटी पर तैनात अर्ध सैनिक व पुलिस बल, सुरक्षा बल तथा ड्यूटी पर तैनात सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी व अन्य अधिकृत सुरक्षा कर्मियों, लोक सेवकों को छोडक़र अन्य सभी पर लागू होंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव की प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुचारू और शांतिपूर्ण ढंग से पूर्ण करवाने के दृष्टिगत यह आदेश जारी किए गए हैं। आदेशों के तहत सभी नागरिकों, संगठनों, गैर सरकारी संगठनों को जिले की सीमा के भीतर किसी भी प्रकार के हथियार और गोला बारूद इत्यादि लेकर चलने पर पाबंदी रहेगी। चुनाव प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत सभी लाइसेंस धारकों से उनके हथियार संबंधित पुलिस थानों और शस्त्र और गोला बारूद डीलरों या जिला मालखाना में जमा करवाने के भी आदेश दिए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू माने जाएंगे और निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक मान्य रहेंगे। इन आदेशों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# चेलावास में मनाया नवजात बेटी का जन्म दिवस

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** गावों में घटते लिंगानुपात पर अंकुश लगाने की दिशा में सरकार व प्रशासन की ओर से सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से कन्या जन्म दिवस पर समारोह का आयोजन करने वाले ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। चेलावास में पैदा हुई नवजात बेटी भाविका के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में केक काटा गया। ग्रामीणों को कन्याभ्रुण हत्या व लिंगानुपात के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर संतोष,राजबाला, रेनु सहित गग्रामीण महिलाएं हाजिर थी।

# एनएसएस के स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को जल बचाने के लिए किया जागरूक

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राजकीय महाविद्यालय कनीना की एनएसएस यूनिट की ओर से आयोजित शिविर में स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों को जल एवं पावरण संरक्षण को लेकर जागरूक किया। डॉ.संदीप कुमार व भारती देवी कहा कि अत्यधिक जल दोहन से भू-जल का संकट खड़ा होता दिखाई देने लगा है। पानी के बचाव के लिए ग्रामीणों द्वारा सामुहिक रूप से प्रयास करने होगें। मोहित कुमार ने कहा कि विद्यार्थी तथा एनएसएस वालंटियर ग्रामीणों को जल संरक्षण के बारे में जागरूक कर सकते हैं। इस मौके पर डॉ.राकुश कुमार,मंजूलता,ज्योति,अशोक यादव,विनय कुमार, दिनेश कुमार,आजाद सिंह हाजिर थे।

# अनु सेहलंगिया को मातृशोक

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**



**कनीना।** सेहलंग निवासी भाजपा कार्यकर्ता अनु सेहलंगिया की माता लीलावती देवी का हृद्यगति रूकने से निधन हो गया। वे 78 वर्ष की थी। वे अपने पीछे 4 पुत्र,दो पुत्री, पौत्र सहित भरापूरा परिवार छोड गई। उनके निधन पर हलका विधायक सीताराम यादव, पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह, सीपीएस अनिता यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष यतेंद्र राव, रणसिंह खेडी, अतर लाल ने शोक जताया है।

# कट छोडने की मांग को लेकर सेहलंग-बागोत में ग्रामीणों का धरना जारी



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** नारनौल-कुरुक्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को 373वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता लक्ष्मण सिंह सेहलंग ने की। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों के धैर्य की परीक्षा ले रही है। 230 किलोमीटर लम्बा यह ग्रीन कॉरिडोर महेंद्रगढ जिले के विभिन्न गावों से होकर गुजर रहा है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की ओर से मार्च 2022 में यहां पर कट देने का आश्वासन दिया था। लेकिन अभी तक कार्य शुरू नहीं हो सका है। जिससे ग्रामीण परेशान हैं। उन्होंने कहा कि जब तक कट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर बेड़ा सिंह, रणधीर पहलवान, नरेंद्र शास्त्री छितरोली, हरिओम पोता, बेड़ा सिंह,धर्मपाल सिंह,विजयपाल,मुंशी राम, सूबेदार सुखबीर सिंह,सूबे सिंह,बाबूलाल, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार,मांगेराम,हेमराज,वीरेंद्र सिंह, सुबेसिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, हंसकुमार, वेदप्रकाश, मनोज, शेर सिंह हाजिर थे।

# कृति खरबंदा ने पहली रसोई में ससुरालवालों के लिए बनाया हलवा



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**मुबंई।** शादी के बाद दुल्हन कृति खरबंदा का ससुराल में जोरदार स्वागत किया गया। कृति अभी ससुराल में हैं, और हाल ही उनकी रसोई की रस्म करवाई गई। एक्ट्रेस ने अपनी पहली रसोई में सूजी का हलवा बनाया और ससुरालवालों को खिलाया। कृति सेनन ने अपनी पहली रसोई की झलक इंस्टाग्राम पर दिखाई है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि ससुराल में सबको उनका बनाया हलवा कैसा लगा। सुर्ख लाल रंग का सूट पहने, हाथों में चूड़ा, गले में मंगल सूत्र और मांग में सिंदूर लगाए कृति ने किचन में एंट्री की और सूजी का हलवा बनाया। उन्होंने जब दादी को हलवा खिलाया, तो दिल खुश हो गया। कृति खरबंदा को उनकी दादी सास ने आशीर्वाद दिया और गले से लगा लिया। कृति खरबंदा और पुलकित सम्राट ने 15 मार्च को मानेसर में सात फेरे लिए थे। शादी में परिवार और रिश्तेदारों के अलावा करीबी दोस्त शामिल हुए थे। दोनों 2019 में आई फिल्म पागलपंती के सेट पर करीब आए थे, और फिर एक-दूसरे को डेट करने लगे थे। शादी के बाद कृति खरबंदा पति पुलकित सम्राट के साथ मुंबई लौटीं। वहां ससुराल में ढोल-नगाड़ों पर उनका स्वागत किया गया। (स्रोत: समाचार एजेंसी)

# आरोही मॉडल स्कूल में प्रवेश परीक्षा 28 को




**समाचार गेट/सतीश खतरी**

**सिवानी।** उपमंडल के गांव खेड़ा स्थित आरोही मॉडल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में नए शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए नए दाखिले लेने के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 28 मार्च को किया जाएगा।इस बारे में जानकारी देते हुए स्कूल प्रीसिंपल डॉ. संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि जिन विद्यार्थियों को नए सत्र में छठी कक्षा की सभी तथा सातवीं,आठवीं,नौवीं व ग्यारहवीं कक्षाओं की रिक्त सीटों पर दाखिला लेना है वे 25 मार्च तक स्कूल आकर आवेदन कर सकते हैं।इसके लिए आवेदन फार्म स्कूल कार्यालय व खंड शिक्षा अधिकारी सिवानी के कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं।इस खण्ड स्तरीय प्रवेश परीक्षा का आयोजन स्कूल परिसर में ही किया जाएगा।इस प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मैरिट के आधार पर दाखिला दिया जाएगा।

# देश की प्रगति में शिक्षा का अहम योगदान : नरेंद्र यादव

### आरपीएस शिक्षण संस्थान में पढकर निकले युवा हुए ऊंचे ओहदे पर विराजमान

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** शिक्षा से उन्नति के द्वार खुलते हैं। उच्च एवं गुणवत्तापरक शिक्षा देश की प्रगति में सहायक होती है। ये विचार आरपीएस इंटरनैशनल स्कूल रेवाड़ी रोड़ कनीना के प्रांगण में एडवोकेट नरेद्र यादव ने उपस्थितजनों के समक्ष व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के चंहुमुखी विकास के लिए विद्यालय प्रबंधन लगातार प्रयासरत है। जिसके चलते उन्हें खेलकूद,सांस्कृतिक,विज्ञान प्रदर्शनी,मॉडल्स,इनोवेशन में प्रतिनिधित्व दिया जाता है। विद्यार्थी उपरोक्त विषयों में महारत हासिल कर जीवन की ऊंची उडान भरने के लिए अग्रसर हैं। एडवोकेट ओपी यादव ने करीब 3 दशक पूर्व महेंद्रगढ जिले में शिक्षा के क्षेत्र में जो पौधा लगाया था वह आज वट वृक्ष का रूप धारण कर चुका है। इस संस्थान से पढलिखकर निकले युवा वर्तमान समय में ऊंचे ओहदे पर विराजमान




हैं। उन्होंने कहा कि आरपीएस स्कूल शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों का भी निर्वहन कर रहा है। संस्थान में विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को पारितोषिक प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है। इस समारोह के साथ-साथ उन्होंने पत्रकार परिचय सम्मेलन को भी संबोधित किया। जिसमें उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज व प्रशासन के बीच कड़ी का कार्य करते हैं। जोखिमभरा पत्रकारिता कार्य आज भले ही व्यवसाय बन गया है लेकिन आजादी के दौरान यह एक मिशन के रूप में थी। पत्रकार अपनी लेखनी का उपयोग समाज व देशहित में करें। जिससे देश व समाज सशक्त व मजबूत बन सके। उन्होंने कहा कि 25 मार्च को पत्रकार होली मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर एडवोकेट राजेश यादव,प्रदीप यादव, नरेंद्र कुमार सहित पत्रकार, विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी हाजिर थे।

SAMRAAT YADAV 9899989964
सम्राट
PROPERTY AND CONSTRUCTION
DEALS IN
ALL HSVP SECTORS - 62,64,65 AND AGRICULTURAL LAND & INDUSTRIAL PLOTS
PLOT NO.360P SECTORS -65 BALLABGARH FARIDABAD 121004

VAISHALI PROPERTIES
DEALS IN :ALL HSVP SECTORS FARIDABAD
PLOT NO .934, SECTOR-64 NEAR 64-65 DIVIDING,BALLABGARH,FARIDABAD
RAMESH AGGARWAL 9810772292

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें : 9818180269

# बच्चों का झगड़ा बदला खूनी संघर्ष में, दो की हालत नाजुक

समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

**पलवल।** गुदराना गांव के सरकारी स्कूल में खेलते समय बच्चों में कहासुनी हो गई। जिसको लेकर एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के घर में घुस कर हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपी हाथों में कुल्हाड़ी, डंडा व हथियारों से लैस होकर आए थे। कुल्हाड़ी लगने से गंभीर रुप से घायल दो लोगों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। मुंडकटी थाना पुलिस ने मामले में पीड़ित पक्ष की ओर मिली शिकायत पर 11 के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुंडकटी थाना प्रभारी धमेंद्र कुमार के अनुसार, गुदराना गांव निवासी जीतन ने दी शिकायत में कहा है कि गांव के ही सरकारी स्कूल में बच्चे खेल रहे थे। उसी दौरान खेल-खेल में बच्चों का आपस में झगड़ा हो गया। पड़ोस के बच्चों ने उनके परिवार के बच्चों के साथ मारपीट कर दी। इसी बात को लेकर पड़ोसी समय सिंह, पुष्पेंद्र, राकेश, भोला, नोहवत, मनीष, योगेश, आकाश, धर्मेन्द्र, नरन व मनोज आदि अपने हाथों में तेजधार हथियार व लाठी-डंडे व अन्य हथियार लेकर उनके घर में घुस आए और परिवार के लोगों में हमला कर दिया। हमला में उनके परिवार के विकास, महीपाल, सत्तो देवी व बीरो को गंभीर चोटें आई। आरोपी भोला ने सीधी कुल्हाडी विकास और महीपाल के सिर पर दे मारी, जिससे दोनों के सिर में गंभीर चोटें आई है वे लहूलुहान होकर वहीं जमीन पर गिर पड़े। जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। झगड़े में घायल दोनों को गंभीर हालत में उपचार के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका ईलाज चल रहा है। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर उक्त सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि घायलों के बयान दर्ज किए जा रहे है, बयान दर्ज होने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# वाहन में सफर कर रही महिला के गले से मंगलसूत्र चोरी

समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

**पलवल।** जिले में चोरी की वारदात निरंतर जारी है। अब पलवल से फरीदाबाद जा रही महिला का मंगलसूत्र वाहन में साथ बैठी महिला ने चोरी कर लिया, वहीं एक फार्म हाउस से इलेक्ट्रॉनिक सहित अन्य सामान व एक बाइक चोरी हो गईं। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर मुकदमे दर्ज कर लिए हैं। अभी तक पुलिस चोरों की पहचान नहीं कर पाई है। पुलिस प्रवक्ता संजय कादियान के अनुसार फरीदाबाद की भीम बस्ती निवास पूजा ने गदपुरी थाना में शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपने मायके पलवल आई हुई थी। सोमवार शाम को अपने बच्चों व भाई के साथ वापस ससुराल जा रही थी। वह पलवल स्टैंड से वह वाहन में बैठ गई। उसी दौरान उसके साथ वाली सीट पर एक महिला दो बच्चों के साथ आकर बैठ गई। राष्ट्रीय राजमार्ग पर पृथला पुल के समीप महिला वाहन से उतर गई। महिला के उतरते ही उसने देखा कि उसका मंगलसूत्र गायब था, जबकि उसकी चैन उसके गले में ही थी। महिला उसके मंगलसूत्र को चुरा कर ले गई। वहीं भाटिया कॉलोनी निवासी अखिल ने कैंप थाना में शिकायत दर्ज कराई है कि वह आगरा चौक स्थित होटल के समीप कपड़े खरीदने के लिए गया था, जहां से उसकी बाइक चोरी हो गई। तीसरे मामले में गांव ललपुरा निवासी वीरेंद्र सिंह देशवाल ने चांदहट थाना में शिकायत दर्ज कराई है कि किठवाड़ी रोड पर उनका फार्म हाउस है। वह किसी कार्यक्रम में पृथला गया था, फार्म हाउस पर कोई नहीं था। पीछे से दो युवक गेट कुदकर अंदर घुस आए और एलइडी, कूलर व हुक्का को चुराकर ले गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि चोरों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# भाजपा ने विकास से अछूते रहे वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ा : खलील आजाद

समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

**पलवल।** भाजपा नेता व ब्लाक समिति के पूर्व चेयरमैन खलील आजाद ने कहा पीएम नरेंद्र मोदी ने 400 पार का नारा दिया है। हमें 400 से ज्यादा एमपी जीताकर लोकसभा पहुंचाएंगे और देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाएंगे। उन्होंने कहा कि जनता ने सबका साथ सबका विकास की सोच रखने वाली भाजपा सरकारें बनाई हैं। आपको यह तय करना होगा कि देश में विकास की गाड़ी पटरी से न उतर पाए। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों केवल वोट के लिए याद किया जाता है और हमेशा ठगा गया है। उन्होंने कहा हमेशा मेवात के गुड़गांव व फरीदाबाद क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर 98% वोट दिया लेकिन वो कभी लोगों के दु:ख दर्द में खड़े नहीं मिले। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी को साथ लेकर चलती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने शहीद हसन खां मेवाती का शहीदी दिवस प्रदेश स्तर पर मनाकर यह दिखा दिया कि असली हमदर्द कोन है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर को भाजपा ने तीसरी बार लोकसभा का उम्मीदवार बनाया है। फरीदाबाद की जनता भारी बहुमत से विजयी बनाकर लोकसभा में भेजेगी।पूर्व चेयरमैन खलील आजाद ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी सरकार ने देश को एकता के सूत्र में बांधा है, विकास से अछूते रहे वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ा है और युवाओं को स्टार्टअप की ताकत देकर आत्मनिर्भर बनाया है। इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी को दुनिया सैल्यूट कर रही हैं । आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के सिरमौर हैं। वह कोरोना जैसी महामारी में भी देश को बचाते हैं और दुनिया के अन्य गरीब देशों की भी मदद करते हैं। यही नहीं दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक और मैडिकल ताकतों को भी भारत की ओर देखना पड़ा और सराहना पड़ा।

# लोकसभा आम चुनाव 2024 के जिले में लागू हुई आचार संहिता को लेकर उपयुक्त नेहा सिंह ने दिए आवश्यक निर्देश

समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल



**पलवल।** लोकसभा आम चुनाव-2024 के दृष्टिगत जिला में लागू आदर्श आचार संहिता की प्रभावी रूप से पालन को लेकर आज जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने जिला सचिवालय के सभागार में जिला प्रशासन के अधिकारियों,कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पलवल जिला उपयुक्त नेहा सिंह ने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उद्देश्य है कि सरकारी अधिकारी व कर्मचारी निष्पक्ष रहें। लोकसभा आम चुनाव-2024 के समापन तक सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी आदर्श आचार संहिता की समस्त हिदायतों की पालना करते हुए पूर्व अनुमति के बिना अपना हेडक्वार्टर नहीं छोड़ेंगे। सभी अधिकारी एमसीसी की वॉयलेंस का ध्यान रखें। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से निष्पक्ष चुनाव करवाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा मांगी गई सूचना को समय पर भेजना सुनिश्चित करें। सरकारी व निजी भवनों, सभी सार्वजनिक स्थलों जैसे-बस अड्डा, रेलवे स्टेशन, पेट्रोल पंप, पार्क आदि का गलत तरीके से प्रयोग न किया जाए और इन सभी स्थानों से राजनीतिक दलों के बैनर, फ्लैक्स, प्रिंटिंग, विनायल प्रिंट्स के विज्ञापन को तुरंत प्रभाव से हटाया जाए। आदर्श आचार संहिता की हिदायतों के मद्देनजर यह सभी कार्य समय पर पूर्ण कर लिया जाए।

# टाटा मोटर्स ने होडल के गांव दीघोट में प्रदेश के पहले अत्याधुनिक रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी का उद्घाटन किया

**इसके अंदर विश्व-स्तरीय सुविधा हर साल 18,000 वाहनों को स्क्रैप कर सकती है, जिस गाड़ी केएस जीवन खत्म हो चुका हो**



समाचार गेट/सचिन भारद्वाज


**होडल।** ऑटोमोबाइल बनाने वाली, भारत की अग्रणी कंपनी टाटा मोटर्स ने मंगलवार को हरियाणा प्रदेश में पहली और देश में अपनी पाँचवी रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी (आरवीएसएफ) का उद्घाटन किया है। यह यातायात को बढ़ावा देने के लिये कंपनी की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सुविधा का नाम है Re.Wi.Re Recycle with Respect और इसका उद्घाटन टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक गिरीश वाघ ने किया है। यह अत्याधुनिक सुविधा पर्यावरण के अनुकूल प्रक्रियाओं को अपनाती है। यह हर साल ऐसे 18,000 वाहनों को सुरक्षित तरीके से खोलकर अलग कर सकती है, जो पूरी तरह से समाप्त हो चुकी हो । जौहर मोटर्स के साथ भागीदारी में विकसित आरवीएसएफ सारे ब्राण्ड्स के यात्री एवं वाणिज्यिक वाहनों को जिम्मेदार तरीके से स्क्रैप कर सकती है। यह महत्वपूर्ण उपलबधि जयपुर, भुवनेश्वर, सूरत और चंडीगढ़ में पहले खुल चुकीं आरवीएसएफ की शानदार सफलता के बाद आई है। इस प्रकार कंपनी ने संवहनीय पहलों को बढ़ावा देने के लिये अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

इस महत्वपूर्ण लॉन्च पर अपनी बात रखते हुए, टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक गिरीश वाघ ने कहा, ''टाटा मोटर्स यातायात के भविष्य को आकार देने के लिये नवाचार और संवहनीयता में आगे रही है। हमारी पाँचवी स्क्रैपिंग सुविधा का लॉन्च होना संवहनीय पद्धतियों और वाहनों के जिम्मेदार निपटान को ज्यादा सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्क्रैप से वैल्यू बनाना चक्रीय अर्थव्यवस्था के लिये हमारी सोच के मुताबिक है। यह ऑटोमोटिव की संवहनीय पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिये सरकार के प्रयासों में योगदान भी देता है। यह अत्याधुनिक सुविधा वाहनों के जिम्मेदार तरीके से निपटान में नये मापदण्ड तय करेगी। यह सभी के लिये अधिक शुद्ध एवं संवहनीय भविष्य का रास्ता खोलेगी।'' अत्याधुनिक Re.Wi.Re सुविधा सभी ब्राण्ड्स के उन यात्री एवं वाणिज्यिक वाहनों के निपटान के उद्देश्य पर निर्मित है, जिनका जीवन खत्म हो चुका हो। इसमें पर्यावरण के लिये हितैषी पद्धतियों को अपनाने पर भी ध्यान दिया जाएगा। पूरी तरह से डिजिटलाइज्ड इस सुविधा में वाणिज्यिक वाहनों एवं यात्री वाहनों के लिये क्रमश: सेल-टाइप और लाइन-टाइप डिसमेंटलिंग (खोलकर अलग करने) की सुविधा है। इसके सभी कार्य अबाध तथा कागजरहित होते हैं। इसके अलावा, विभिन्न कम्पोनेंट्स की सुरक्षित डिसमेंटलिंग के लिये अलग-अलग स्टेशंस है, जैसे कि टायर, बैटरी, ईंधन, तेल, तरल और गैस। हर वाहन का सावधानी से दस्तावेजीकरण होता है।

डिसमेंटलिंग की प्रक्रिया यात्री एवं वाणिज्यिक वाहनों से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये डिजाइन की गई है। इस प्रकार डिसमेंटलिंग की प्रक्रिया डिटेल पर सबसे ज्यादा ध्यान देना सुनिश्चित करती है। यह सारे कम्पोनेंट्स के सुरक्षित निपटान की गारंटी देती है और ऐसा व्हीकल स्क्रैपेज पॉलिसी के अनुसार होता है। कुल मिलाकर, Re.Wi.Re सुविधा ऑटोमोटिव उद्योग में स्थायित्वपूर्ण पद्धतियों को बढ़ावा देने की दिशा में एक अभूतपूर्व कदम है।

# सारा अली खान ने दिखा दिया कौन है बॉलीवुड की असली बेगम

समाचार गेट/भावना कौशिश





**मुबंई।** एक ओर जहां कई हिरोइन्स अपने छोटे से स्कार्स को छुपाने के लिए कई तरह के तरीके अपनाती हैं, वहीं सारा ने बिना किसी झिझक के अपने पेट के जले हुए निशान को फ्लॉन्ट किया। ये निशान भी कोई छोटे-मोटे आकार का नहीं था। बल्कि ये कई सेंटिमीटर लंबा था। हसीन अवतार और इस नवाबी बाला का ये कॉन्फिडेंट अंदाज सभी को भा रहा है और उन्हें हर जगह से खूब तारीफें मिल रही हैं। आप भी देखें कैसे सारा ने अपने कॉन्फिडेंस से बर्न मार्क को ब्यूटी मार्क बना दिया और सभी का दिल जीत लिया। मुंबई में आयोजित किए गए लैक्मे फैशन वीक 3 स्रष्ठष्टद्ब 2024 में सारा अली खान डिजाइनर वरुण चक्किलम के लिए रनवे पर चली थीं। इस दौरान वो किसी अप्सरा से कम नहीं दिख रही थीं। इस दौरान की पिक्स और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा हुए तो वो तेजी से वायरल हो गए। और ऐसा होना तो बनता भी है, क्योंकि नवाब खानदान की ये लाडली स्टनिंग शो-स्टॉपर बनी थी।

**बेबाक सारा का बेबाक अंदाज**

सारा अली खान कितनी बेबाक हैं, इसका सबूत रैंप वॉक के दौरान उन्होंने फिर से दिया। लहंगा-चोली पहनकर उन्होंने चेहरे पर तो मेकअप किया था, लेकिन अपने मिड्रिफ पोर्शन पर बड़े से जले हुए मार्क को बिल्कुल भी छिपाने की कोशिश नहीं की। इस बोल्ड मूव ने लोगों को उनकी तारीफ करने पर मजबूर कर दिया। जिस तरह से सारा ने अपने बर्न मार्क को भी ब्यूटी मार्क की तरह शो किया, वो वाकी में काफी इंस्पायरिंग मूव था।

**ब्रालेट ब्लाउज ने बढ़ाई हॉटनेस**

हसीना ने ब्रालेट ब्लाउज चुना, जिसमें सारा बहुत ही चार्मिंग और कॉनफिडेंस से भरी हुई दिख रही थीं। एपलीके वर्क वाले फ्लोरल ब्लाउज की नेकलाइन क्वीन ऐन शेप की थी, जो बढ़िया बस्ट फिट के कारण और अट्रैक्टिव दिखाई दे रही थी। इसकी स्लीवलेस डीटेल और गहरा गला, लुक में हॉटनेस का एलिमेंट जोड़ने में कामयाब रहे। (स्रोत: समाचार एजेंसी)

# दूध में इंसुलिन बना रही ये खास गाय

समाचार गेट/भावना कौशिश



**नई दिल्ली।** वैज्ञानिकों ने डायबिटीज के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ी सफलता हासिल की है। इलिनोइस यूनिवर्सिटीके पशु वैज्ञानिक मैट व्हीलर के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने एक ऐसी जेनेटिकली मोडिफाइड गाय तैयार की है, जिसके दूध में मानव इंसुलिन पाया गया है। दूध के विश्लेषण में पाया गया कि उसमें मानव प्रोइंसुलिन और इंसुलिन के समान आणविक भार वाले प्रोटीन मौजूद हैं। इसके अतिरिक्त, शोध से यह भी संकेत मिलता है कि गाय का दूध प्रोइंसुलिन को इंसुलिन में भी परिवर्तित कर सकता है। हालांकि अभी उत्पादन का स्तर कम है, लेकिन शोधकर्ताओं का मानना है कि इस तकनीक में बड़े पैमाने पर उत्पादन की काफी संभावना है। अध्ययन के लेखकों के अनुसार, ट्रांसजेनिक गायों के दूध में पुन: संयोजक प्रोटीन का उत्पादन एक रोमांचक प्रणाली है। दूध में मौजूद प्रोटीएज (प्रोटीन को तोड़ने वाले एंजाइम) इस प्रक्रिया में अहम भूमिका निभा सकते हैं। ये प्रोटीएज प्रोसेसिंग में मदद कर सकते हैं और पुन: संयोजित प्रोटीन को कार्यात्मक प्रोटीन में बदल सकते हैं। वहीं, कुछ दूध प्रोटीएज पुन: संयोजित प्रोटीन को नष्ट भी कर सकते हैं। यह शोध दुनिया भर में डायबिटीज रोगियों के लिए इंसुलिन की आपूर्ति को स्थिर और संभावित रूप से अधिक किफायती बनाने के लिए एक नया रास्ता खोलता है।

**इंसुलिन क्या है?**

इंसुलिन एक तरह का हॉर्मोन है जो हमारे शरीर में अग्नाशय (पैंक्रियाज) नाम के अंग द्वारा बनाया जाता है। यह शरीर में रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) के स्तर को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाता है। आसान शब्दों में कहें तो, हम जो भी खाते-पीते हैं उसमें से शरीर को ऊर्जा मिलती है। यह ऊर्जा मुख्य रूप से ग्लूकोज (रक्त शर्करा) से प्राप्त होती है। भोजन पचाने के बाद ग्लूकोज हमारे रक्तप्रवाह में मिल जाता है। इंसुलिन शरीर की कोशिकाओं को संकेत देता है कि वे ग्लूकोज को अवशोषित कर लें, जिससे शरीर को ऊर्जा मिलती है।(स्रोत: समाचार एजेंसी)

# कंपनी में केमिकल ड्रम में आग लगने से झुलसा कर्मचारी

समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

**पलवल।** देवली गांव के निकट स्थित एक कंपनी के केमिकल ड्रम में आग लगने से वहां कार्य कर रहा कर्मचारी बुरी तरह झुलस गया। गंभीर हालत में कर्मचारी का उपचार दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में चल रहा है। कर्मचारी के पिता ने कंपनी प्रबंधक पर लापरवाही व सुरक्षा उपकरण उपलब्ध न कराने का आरोप लगाया है। गदपुरी थाना पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर सिंह के अनुसार, देवली गांव निवासी रामप्रसाद ने दी शिकायत में कहा है कि उसका बेटा राजकुमार गांव के ही निकट मांदकौल मार्ग पर स्थित भूनित इंजीनियरिंग (विकटोरा कंपनी) में पिछले करीब दस वर्ष से नौकरी करता था। 12 मार्च को दोपहर के समय राज कुमार कंपनी में अपनी ड्यूटी पर तैनात था। उसी दौरान कंपनी में रखे कैमिकल के ड्रम में आग लग गई और राजकुमार बुरी तरह से जल गया। राजकुमार को कंपनी में काम करने वाले विशाल और शिवशंकर ने आग से बचाया, लेकिन जब तक राजकुमार बुरी तरह झुलस चुका था। पीड़ित पिता ने शिकायत में आरोप लगाया है कि कंपनी प्रबंधक की तरफ से कोई सुरक्षा उपकरण ना मिलने के कारण यह हादसा हुआ है। यदि सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाए गए होते तो उसके बेटे के साथ यह हादसा न होता। शिकायत में घायल कर्मचारी के पिता ने कंपनी के वाइस प्रेजिडेंट दलीप सुनेजा, प्लांट हेड जसजीत सिंह, एचआर मैनेजर गुरजीत सिह, मेंटेनेंस हेड बलदेव और ठेकेदार अजीम खान पर लापरवाही व सुरक्षा उपकरण न कराने का आरोप लगाया है। गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर का कहना है कि घायल कर्मचारी के पिता की शिकायत पर सोमवार को देर शाम कंपनी के उक्त अधिकारियों व कर्मचारियों सहित ठेकेदार के विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ऑनलाइन सोना खरीदने वाले गिरोह का फंडाफोड़

समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

**पलवल।** लोगों को झांसे में लेकर क्रेडिट व डेबिट कार्ड की जानकारी लेकर ऑनलाइन सोना खरीदने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गिरोह के मुख्य सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी लोगों से कार्ड की जानकारी लेकर सोना खरीदते और बाद में सोने को बेचकर रुपये आपस में बांटे लेते थे। आरोपी डिलीवरी लेने के गलत पता देते थे, ताकि पकड़े न जाए। पुलिस ने दो नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के दबिश दे रही है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बातया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि मलोखड़ा गांव निवासी आरिफ व नूंह जिला के गांव नई निवासी राशिद अपने गिरोह चलाकर साइबर ठगी का काम करते हैं। आरिफ लोगों को झांसे में लेकर क्रेडिट व डेबिट कार्ड की जानकारी ले लेता है और ऑनलाइन सोने की खरीद के लिए बुकिंग करता है। गलत पता देकर सोने की डिलीवरी ले लेता है और बाद में दोनों सोने को बेचकर रुपयों को आपस में बांट लेते हैं। आज भी जिला नागरिक अस्पताल के समीप पता लिखवाकर आरिफ डिलीवरी लेने वाला है। पुलिस ने सूचना के आधार पर नाकाबंदी कर दी। कुछ देर बाद पहुंचे आरिफ को काबू किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी से नीले रंग की पॉलीथिन बरामद हुआ। पॉलीथिन का खोलकर देखने पर एक काले का डिब्बा लला, जिस पर टाटा क्लिक लिखा हुआ था। डिब्बा से बिल, सोना नुमा पीली धातु का बिस्किट व बैंक ऑफ बड़ौदा व पंजाब नेशनल बैंक को दो क्रेडिट कार्ड मिले। पुलिस ने आरिफ को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। हवलदार देवी सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरिफ ने बताया कि वह राशिद के साथ मिलकर ठगी की वारदात को अंजाम देता है। राशिद को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी लंबे समय से साइबर ठगी कर रहे हैं।

# होडल में नेशनल हाईवे 19 पर हसनपुर चौक पर कंटेनर में लगी आग


समाचार गेट/सचिन भारद्वाज



**होडल।** होडल में नेशनल हाईवे 19 पर हसनपुर चौक के समीप एक कंटेनर में अचानक आग लग गई। कंटेनर में भरा हुआ माल जलकर राख हो गया । दमकल की गाड़ी ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक कंटेनर पूरी तरह से जलकर राख हो गया था। आग से कंटेनर में लगभग 40 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। होडल के हसनपुर चौक पर उस समय अफरा तफरी मच गई जब नोएडा से माल को भरकर एक कंटेनर ग्वालियर जा रहा था और जैसे ही यह होडल के हसनपुर चौक पर पहुंचा तो इसके अंदर शाट सर्किट से अचानक आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी की देखते ही देखते कंटेनर में भरा पी वी सी की पाइपें को साथ साथ दूसरा माल भी जलकर राख हो गया। आस पास के लोगों ने आग की सूचना दमकल विभाग को और होडल थाना पुलिस को दी।सूचना के बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बादबाग पर काबू पाया लेकिन तब तक कंटेनर में भरा हुआ लाखो रुपए का माल और कंटेनर जलकर राख हो गया। कंटेनर मालिक अजब सिंह ने बताया की उनका कंटेनर नोएडा से माल भरकर ग्वालियर के निकला था और शाट सर्किट से अचानक आग लग गई जिससे उनका लाखो रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया की जब आग जायदा फैल रही थी तो जे सी बी को मौके पर बुलाया और कंटेनर को काटकर कुछ माल को बचाया जा सका।










# मंत्रिमंडल में बना जातिगत समीकरण, क्षेत्रीय समीकरण बिगड़ा

## सबसे पावरफुल हुआ अंबाला पार्लियामेंट, सीएम सहित चार विधायक एडजस्ट

### जीटी रोड की सरकार, भव्य बिश्नोई- कांडा मायूस

**समाचार गेट ब्यूरो**

हरियाणा मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद जातिगत संतुलन तो काफी हद तक बन गया है, लेकिन क्षेत्रीय समीकरण इस बार भी बिगड़े हुए हैं। रोहतक, झज्जर, सिरसा, नूंह व चरखी दादरी ऐसे जिले हैं, जहां 2019 के विधानसभा चुनावों में भाजपा अपना खाता ही नहीं खोल पाई थी। वहीं पलवल, कैथल, सोनीपत, फतेहाबाद, जींद में पार्टी विधायक होते हुए भी किसी का नंबर कैबिनेट में नहीं पड़ा है। अंबाला पार्लियामेंट सरकार के हिसाब से सबसे पावरफुल बन गया है।

कैबिनेट के मौजूदा स्ट्रक्चर के हिसाब से 'सरकार' जीटी रोड पर नज़र आ रही है। पानीपत से लेकर यमुनानगर-पंचकूला तक मुख्यमंत्री से स्पीकर व मंत्रियों का बोलबाला रहेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मूल रूप से अंबाला जिला के रहने वाले हैं। वे 2014 में नारायणगढ़ से विधायक भी रहे हैं। बेशक, उन्हें करनाल हलके से उपचुनाव लड़वाने का फैसला लिया है ताकि करनाल सीएम सिटी बना रहे लेकिन उनकी गिनती अंबाला जिला में ही होगी।

यमुनानगर के जगाधारी से विधायक कंवर पाल गुर्जर को नंबर-2 का कैबिनेट मंत्री बनाया हुआ है। पंचकूला विधायक ज्ञानचंद गुप्ता विधानसभा अध्यक्ष हैं और वे भी अंबाला पार्लियामेंट के अंतर्गत आते हैं। इसी तरह अंबाला सिटी से विधायक असीम गोयल को स्वतंत्र प्रभार के साथ राज्य मंत्री बनाया है। हालांकि मनोहर सरकार में भी अंबाला पार्लियामेंट का बोलबाला था। एक समय तो ऐसा था जब यहां से सांसद रहे स्व् रतनलाल कटारिया भी केंद्र में राज्य मंत्री थे। वहीं अंबाला कैंट विधायक अनिल विज गृह व स्वास्थ्य मंत्री थे।

ऐसे में कहा जा सकता है कि भाजपा ने इस पार्लियामेंट का दबदबा पहले की तरह बनाकर रखा है। अलबत्ता इस पार्लियामेंट को पहली बार मुख्यमंत्री मिला है। जीटी रोड बेल्ट के थानेसर (कुरुक्षेत्र) हलके से विधायक सुभाष सुधा की भी कैबिनेट में एंट्री हो गई है। मनोहर सरकार में कुरुक्षेत्र जिला के पिहोवा हलके से सरदार संदीप सिंह विधायक थे। जूनियर महिला कोच से यौन उत्पीड़न के आरोप झेल रहे संदीप सिंह को अब कैबिनेट से बाहर कर दिया है।

करनाल जिला की पांच विधानसभा सीटों में से तीन भाजपा को देने वाली यह जिला फिलहाल सत्ता में भागीदार नहीं है। हालांकि करनाल को यह सीएम सिटी ही रखने का ऐलान पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल कर चुके हैं। उनके द्वारा खाली की गई करनाल सीट पर होने वाले उपचुनाव में सीएम नायब सिंह सैनी चुनाव लड़ेंगे। जीट रोड बेल्ट की पानीपत ग्रामीण सीट से भाजपा ने महिपाल ढांडा को राज्य मंत्री बनाया है।

कैथल के चार हलकों में से दो कलायत व कैथल से भाजपा विधायक हैं। मनोहर सरकार में कलायत विधायक कमलेश ढांडा राज्य मंत्री थीं, लेकिन इस बार उनका नंबर नहीं लगा है। पुंडरी से निर्दलीय विधायक रणधीर सिंह गोलन सरकार को समर्थन दे रहे हैं और उन्हें मंत्री बनाए जाने की संभावना थी, लेकिन वे भी कैबिनेट में जगह नहीं बना सके। सोनीपत जिला की



छह सीटों में से दो राई में मोहनलाल बड़ौली और गन्नौर में निर्मल रानी विधायक हैं। इस जिले को भी सरकार में प्रतिनिधित्व नहीं मिला है।

**भव्य बिश्नोई का कटा पत्ता**

आदमपुर से भाजपा विधायक कुलदीप बिश्नोई के कैबिनेट में शामिल होने की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन उन्हें जगह नहीं मिल पाई। हिसार विधायक कमल गुप्ता कैबिनेट में हैं। वहीं इस जिले के नलवा हलके से विधायक रणबीर सिंह गंगवा को विधानसभा में डिप्टी स्पीकर बनाया हुआ है। बताते हैं कि भव्य बिश्नोई को कैबिनेट में शामिल करवाने के लिए लॉबिंग भी हुई, लेकिन बात नहीं बन पाई।

**कांडा समर्थकों में भी मायूसी**

सरकार को शुरू से ही समर्थन दे रहे सिरसा से हलोपा विधायक गोपाल कांडा को वैश्य कोटे से मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की अटकलें कई दिनों से लगाई जा रही थीं। सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय नेतृत्व से उनके नाम को हरी झंडी नहीं मिली। भाजपा सिरसा जिला में खाता नहीं खोल पाई थी। रानियां से निर्दलीय विधायक चौ़ रणजीत सिंह को सरकार ने दूसरी बार कैबिनेट मंत्री बनाया है। वहीं गठबंधन सरकार में टोहाना से जजपा विधायक देवेंद्र बबली कैबिनेट मंत्री थे। रतिया विधायक लक्ष्मण नापा को मंत्री बनाए जाने की उम्मीद थी लेकिन जातिगत समीकरणों के चलते वे कैबिनेट में नहीं आ सके।

**पार्लियामेंट वाइज ऐसे समझें गणित**

**अंबाला :** सीएम नायब सैनी के अलावा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता, कैबिनेट मंत्री कंवर पाल और अंबाला सिटी विधायक असीम गोयल की एडजस्टमेंट

**कुरुक्षेत्र :** थानेसर विधायक सुभाष सुधा को बनाया राज्य मंत्री। कलायत विधायक कमलेश ढांडा और पिहोवा विधायक सरकार संदीप सिंह की छुट्टी

**करनाल :** पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा बने राज्य मंत्री। सीएम लड़ेंगे करनाल हलके से उपचुनाव। पूर्व सीएम इस बार बने लोकसभा प्रत्याशी

**सोनीपत :** किसी भी विधायक को नहीं मिला सरकार में शामिल होने का मौका। सोनीपत में दो व जींद जिले में है भाजपा का एक विधायक

**हिसार :** विधायक कमल गुप्ता को दूसरी बार बने मंत्री। बवानीखेड़ा के बिशम्बर वाल्मीकि राज्य मंत्री और नलवा विधायक रणबीर सिंह गंगवा डिप्टी स्पीकर

**सिरसा :** रानियां से निर्दलीय विधायक चौ़ रणजीत सिंह कैबिनेट मंत्री। फतेहाबाद व रतिया में भाजपा विधायक। किसी का नहीं लग पाया नंबर

**भिवानी-महेंद्रगढ़ :** लोहारू विधायक जयप्रकाश दलाल दूसरी बार बन चुके कैबिनेट मंत्री। अब नांगल-चौधरी विधायक अभय सिंह यादव को बनाया राज्य मंत्री

**गुरुग्राम :** यहां से सांसद राव इंद्रजीत सिंह केंद्र में मंत्री हैं। बावल विधायक डॉ़ बनवारी लाल कैबिनेट मंत्री हैं। अब सोहना विधायक संजय सिंह बने राज्य मंत्री

**फरीदाबाद :** मौजूदा सांसद कृष्णपाल गुर्जर केंद्र में मंत्री हैं। बल्लबगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा कैबिनेट मंत्री हैं। बड़खल विधायक सीमा त्रिखा बनीं राज्य मंत्री

# नांगल चौधरी विधायक डॉ. अभय सिंह यादव को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, जानें इनका राजनीतिक सफर

## नांगल चौधरी बना नारनौल में खुशी की लहर, जगह-जगह लड्डू बांटे

**समाचार गेट ब्यूरो**

**नारनौल।** हरियाणा कैबिनेट में नांगल चौधरी से विधायक डॉ. अभय सिंह को स्वतंत्र राज्यमंत्री बनाया गया है। डॉ. अभय सिंह लगातार दूसरी बार नांगल चौधरी व नारनौल से विधायक बने हैं। उन्हें हरियाणा के नए मंत्रिमंडल में जगह मिली है।

डॉ. अभय सिंह ने अक्तूबर 2014 में पहली बार विधानसभा चुनाव नांगल चौधरी से लड़ा था। इस समय उनका टिकट दिया गया था उसे समय उनके नारनौल कोठी पर इनेलो का ध्वज फहरा रहा था। उनको भाजपा की टिकट दिलाने में बाबा रामदेव की कृपा रही। राव इंद्रजीत सिंह व डेरा सच्चा सौदा सिरसा के समर्थन के बावजूद वह बहुत कम अंतर से चुनाव जीते थे।

इसके बाद 2019 में नांगल चौधरी विधानसभा से दोबारा विधायक अच्छे अंतर से जीतकर विधानसभा में पहुचे। उन्होंने अपने पहले कार्यकाल के दौरान 143 करोड़ रुपये की लागत से दक्षिण हरियाणा की लिफ्ट इरिगेशन सिस्टम में सुधार कर सभी टेल तक पानी पहुंचाया।

इसके अलावा घाटासेर, बसीरपुर व तलोट गांव की करीब 13 सौ एकड़ जमीन पर लॉजिस्टिक हब की मंजूरी करवाई। वहीं गांव कोरियावास में करीब 80 एकड़ के



लगभग जमीन पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण करवाया जा रहा है। इसके अलावा नांगल चौधरी विधानसभा के एक गांव से दूसरे गांव और राजस्थान सीमा को जोड़ने वाले करीब 80 से अधिक नई सड़कों का निर्माण करवाया।

**डॉ. अभय सिंह ने किसान परिवार में लिया था जन्म**

15 मार्च 1955 को ढाणी मामराज (कांवी) गांव में एक साधारण किसान परिवार में जन्मे नांगल चौधरी के विधायक डॉ. अभय सिंह यादव के पिता श्योकरण यादव एक साधारण किसान थे। पिता का बचपन में ही निधन गया था। पिता के देहांत के बाद पूरे परिवार का पालन पोषण उनकी माता कलावती देवी ने किया।

**नारनौल पीजी कॉलेज में व्याख्याता रहे**

एमए, एलएलएम व पीएचडी (लॉ) तक पढ़ाई करने के बाद करीब छह साल तक जुलाई 1979 से फरवरी 1986 तक नारनौल के पीजी कालेज में बतौर व्याख्याता अपनी सेवाएं दीं। वहीं से फरवरी 1986 में एचसीएस भर्ती हो गए। इसके बाद प्रदेश के विभिन्न जिलों में उपायुक्त व विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दीं। फरवरी 2014 में अपनी इच्छा से सेवानिवृतति ले ली। यही से इनका राजनीति में पदार्पण हो गया।

**डॉ अभय सिंह यादव को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर व्यापारियों में खुशी की लहर**

हरियाणा सरकार के नए मंत्रिमंडल विस्तार में नांगल चौधरी से विधायक डॉक्टर अभय सिंह यादव को राज्य मंत्री बनाकर कैबिनेट में शामिल किए जाने पर आजाद चौक स्थित व्यापारी भाइयों ने मिठाई बात कर खुशी जाहिर करते हुए हरियाणा सरकार का भार व्यक्त किया। पूर्व प्राचार्य समर सिंह यादव राकेश यादव, अमित लांबा, सर्वेश शांडिल्य, सुरेश गोगिया, हर्ष भारद्वाज, भोली चौधरी, हर्ष तनेजा व राकेश गोगिया आदि समस्त व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनावों के मद्देनजर हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 19 मार्च।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने प्रदेश के सभी 1 करोड़ 98 लाख 29 हजार 675 मतदाताओं से आह्वान किया है कि 25 मई, 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव के आम चुनाव के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुनाव का पर्व, देश का गर्व का हिस्सा बनें क्योंकि राजनीतिक पार्टियों की व मतदाताओं की भागीदारिता लोकतंत्र में जरूरी है।




श्री अग्रवाल ने यह जानकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में बुलाई गई मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य की राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की बैठक को सम्बोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि 16 मार्च, 2024 को चुनाव आयोग द्वारा वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों व राजनीतिक पार्टियों को इसकी पालना करना अनिवार्य है। ज्योंही उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र दाखिल करेगा त्योंही उसके चुनावी खर्चे की गणना आरंभ हो जाएगी उसके लिए उम्मीदवारों को अलग से बिल खाते का ब्यौरा देना होगा। सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए प्रतिभूति राशि 25 हजार रुपये तथा अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए 12 हजार 500 रुपये होगी। श्री अग्रवाल ने कहा कि नामांकन पत्र भरते समय चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को फॉर्म 26 एफिडेविट के रूप में भरकर देना होगा जिसे नोटरी या क्लास वन मजिस्ट्रेट से सत्यापित करवाना होगा। स्टार कंपैनर के लिए वाहन के उपयोग के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से अनुमति प्राप्त करनी होगी। चुनाव के दिन एक वाहन में चालक सहित अधिकतम पाँच व्यक्तियों की अनुमति होगी। चुनाव रैलियों के लिए उपायुक्त कम जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्थान निर्धारित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने कुछ मोबाइल एप्लीकेशन तैयार किए हैं जिनमें वोटर हेल्पलाइन, सूक्ष्म ईसीआई, सी विजिल, वोटर टर्न आउट, अपने प्रत्याशी के बारे में जाने शामिल है। इन एप्लीकेशन से मतदाताओं को घर बैठे तमाम जानकारियां उपलब्ध करवाने की सुविधा दी गई है। प्रदेश में कुल 19 हजार 812 मतदान केन्द्र स्थापित होंगे जिनमें सभी मूलरूप जन सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

राजनीतिक पार्टियों की ओर से भारतीय जनता पार्टी से श्री वरिंदर गर्ग, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से श्री तलविंद्र सिंह व आर डी सैनी और आम आदमी पार्टी की ओर से सुश्री वीनस मलिक तथा जननायक जनता पार्टी से श्री राम नारायण यादव और इनेलो की ओर से श्री सत्यव्रत ने प्रतिनिधियों के रूप बैठक में हिस्सा लिया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती हेमा शर्मा, संयुक्त निर्वाचन अधिकारी श्री अपूर्व व श्री राजकुमार के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# इग्नू के ऑनलाइन पोर्टल पर 31 मार्च तक भरें परीक्षा फॉर्म : डॉ धर्मपाल

## हरियाणा में स्थापित किये कुल 35 परीक्षा केंद्र : डॉ धर्मपाल

**समाचार गेट ब्यूरो**

**करनाल, 19 मार्च।** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डा धर्म पाल ने इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी(इग्नू), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से जून 2024 सत्रांत परीक्षाओं के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रिक्रिया प्रारम्भ की जा चुकी है। जो भी शिक्षार्थी जून 2024 सत्रांत परीक्षाओं में भाग लेना चाहते हैं वे बिना लेट फीस के 31 मार्च 2024 तक आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। लेट फीस के साथ शिक्षार्थी 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2024 तक परीक्षा फ़ॉर्म भर सकते हैं।

जो शिक्षार्थी जून 2024 सेशन के परीक्षा फॉर्म भर सकते है वे तुरंत ही ऑनलाइन माध्यम से इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट ignou.ac.in पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। शिक्षार्थियों को परीक्षा फॉर्म भरने के लिए सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा और होम पेज पर जून 2024 के ऑनलाइन लिंक पर क्लिक करना होगा। इसके बाद एक नए पेज पर आपको ऑनलाइन एग्जामिनेशन फॉर्म पर क्लिक करके अपनी सभी जानकारी भरनी होगी और जिस परीक्षा केंद्र पर आप परीक्षाएं देना चाहते है उसका चयन करना है । अंत में आपको



निर्धारित आवेदन शुल्क जमा करके पूर्ण रूप से भरे हुए फॉर्म का एक प्रिंट आउट निकाल लेना है।

इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के अंतर्गत कुल 35 परीक्षा केंद्र बनाए गए है शिक्षार्थियों से अपील है की परीक्षा फॉर्म भरते वक्त परीक्षा केंद्र का चयन अपने आप जांच कर ही करें और परीक्षा फीस का भुगतान अपने ऑनलाइन बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड से ही करें सभी परीक्षार्थी ध्यान रखे की यदि जून 2024 सत्रांत परीक्षाओं में शामिल होना चाहते है तो समय रहते अपना परीक्षा फॉर्म भरे ताकि आप आपके आस पास स्थित परीक्षा केंद्र पर ही परीक्षा दे पाएंगे परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2024 है

# आर्म्स एक्ट के आरोपियों को अदालत ने सुनाई 2-2 साल कैद

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** लोहड़ी के पर्व में अंधाधुंध गोलियां चलाकर युवकों को घायल कर देने के मामले की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश तरुण सिंघल की अदालत ने दोनों आरोपियों को पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर आर्म्स एक्ट के तहत दोषी करार देते हुए 2-2 साल की कैद व 10-10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने का भुगतान न करने पर दोषियों को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 जनवरी 2020 को सैक्टर 40 पुलिस थाना क्षेत्र के एक मकान में गोली चलने की घटना घटित हुई थी, जिनमें 2 युवक गोली लगने से घायल हो गए थे। अजय वत्स ने पुलिस को दी शिकायत में कहा था कि वह परिवार के साथ होली का पर्व मना रहे थे जिसमें परिवार व जान-पहचान के युवक शामिल हुए थे। कार्यक्रम के दौरान ही कुछ युवक कार्यक्रम स्थल पर घुस आए थे। जब उनसे पूछताछ की गई कि वे कौन हैं और उन्हें तो बुलाया भी नहीं गया था तो इस पर उन्होंने अधाधुंध गोलियां चलानी शुरु कर दी थी। जिससे उनका भाई विनय वत्स व अन्य युवक घायल हो गया था। घायलों का निजी अस्पताल में उपचार चला था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आर्म्स एक्ट व अन्य आपराधिक धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में जयनारायण, अजीत उर्फ मोटा, राहुल, अजीत सहित एक नाबालिक को आरोपी पाया था। पुलिस ने उनके खिलाफ कार्यवाही कर जेल भेज दिया था। मामला अदालत में चला। अभियोजन पक्ष ने अदालत में जो सबूत व गवाह पेश किए, उनसे आरोपियों जयनारायण, अजीत उर्फ मोटा को आर्म्स एक्ट के तहत दोषी मानते हुए दोनों को 2-2 साल की कैद व 10-10 हजार जुर्माने की सजा सुनाई। अन्य दोनों आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया।




# हरियाणा में 10 नहीं 11 सीटें आयेगी, मंत्री मंडल विस्तार की जानकारी नहीं : पूर्व गृह मंत्री अनिल विज

**समाचार गेट ब्यूरो**

**अम्बाला, 19 मार्च।** हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री श्री अनिल विज ने लोकसभा चुनावो को लेकर कहा कि हरियाणा में 10 नही 11 सीटें आयेगी, 10 हरियाणा की और 1 चंडीगढ़ की और इन सभी सीटों पर बहुत बड़े मार्जिन से भाजपा जीतेगी।

पत्रकारों इसे बातचीत करते हुए अनिल विज ने कहा की लोकसभा की सभी सीटों पर नरेंद्र मोदी लड़ रहे है इस लिए हमने अपना कैंपेनिंग शुरू कर दिया है चेहरा चाहे कोई भी हो लेकिन लड़ मोदी ही रहे हैं। वही अंबाला लोकसभा सीट को लेकर

**शक्ति और राक्षसों की लड़ाई हमेशा होती आई है और उसमे हमेशा राक्षस हारे है : पूर्व गृह मंत्री अनिल विज**

विपक्ष ने परिवारवाद का आरोप लगाया है जिसपर विज ने कहा की बन्तो कटारिया सिर्फ रतनलाल कटारिया की पत्नी ही नहीं बल्कि पार्टी की एहम सदस्य और एक एक्टिव वर्कर है।

**मंत्री मंडल विस्तार की जानकारी नही : अनिल विज**



वही, आज होने वाले मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर अनिल विज ने कहा की मुझे कोई जानकारी नहीं है।

घरौंडा में आज भाजपा रैली को लेकर पूर्व गृह मंत्री अनिल विज से सवाल किया गया की क्या वे इस रैली में शामिल होगे या नही तो उन्होंने कहा की उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है, अभी मैं चंडीगढ़ जा रहा हु।

**शक्ति और राक्षसों की लड़ाई हमेशा होती आई है और उसमे हमेशा राक्षस हारे है : अनिल विज**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस बयान पर विज ने पलटवार किया जिसमे उन्होंने कहा था की शक्ति कम करने की जरूरत है इसपर विज ने कहा की शक्ति और राक्षसों की लड़ाई हमेशा होती आई है और उसमे हमेशा राक्षस हारे है और अब भी राक्षस हारेंगे 4 जून को ये सभी धाराशाही होके पड़े होगे।

# लोकसभा चुनाव में जिला के कुल 6.40 लाख मतदाता करेंगे मत का प्रयोग : जिला निर्वाचन अधिकारी

**पुरुष मतदाताओं की संख्या 3.45 लाख व महिला मतदाताओं की संख्या है 2.95 लाख**

**19 अप्रैल 2024 तक अभी भी बनवा सकते हैं नए वोट**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव-2024 का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। हरियाणा में लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अधिसूचना 29 अप्रैल 2024 को की जाएगी तथा 25 मई को मतदान होगा और और मतगणना 4 जून 2024 को होगी। जिला नूंह में तीन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हैं, जोकि गुरुग्राम लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में आते हैं, जिनमें 79-नूंह, 80-फिरोजपुर झिरका तथा 81-पुन्हाना हैं। तावडू उपमंडल 78-सोहना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा हैं। उपायुक्त ने मंगलवार को पत्रकारवार्ता में बताया कि वर्तमान में जिला की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 6 लाख 40 हजार 382 मतदाता हैं जो लोकसभा चुनाव के लिए अपने मत का प्रयोग करेंगे। अभी इस मतदाता सूची में करीब 16 हजार नए मतदाता जुड़े हैं। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 3 लाख 44 हजार 871 व महिला मतदाताओं की संख्या 2 लाख 95 हजार 490 है। कोई भी व्यक्ति अपने गांव के बीएलओ से संपर्क कर मतदाता सूची का निरीक्षण कर सकता है। यदि किसी मतदाता का नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो वह अब भी 19 अप्रैल 2024 तक पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन एप या बीएलओ के माध्यम से आवेदन कर सकता है। उन्होंने कहा कि जिला में सैनिक मतदाताओं की संख्या 662 है, जिसमें पुरुष सैनिक मतदाता 651 व महिला सैनिक मतदाता 11 हैं। जिला में दिव्यांगजन मतदाताओं की संख्या 4 हजार 981 है, जिनमें से विजुअली इंपेयर्ड मतदाता 494 और लोकोमोटिव मतदाता 3 हजार 111 है तथा अन्य दिव्यांगजन मतदाता एक हजार 376 हैं। जिला में 100 वर्ष से अधिक आयु के कुल 245 मतदाता तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के कुल मतदाता 6 हजार 872 हैं। चुनाव आयोग द्वारा इस बार 85 साल से अधिक आयु के वृद्धजन व दिव्यांगजन मतदाता अपनी वोट घर से ही डालने के बंदोबस्त किए गए हैं, जिसके लिए संबंधित मतदाता को फॉर्म -12डी में पोस्टल बैलेट पेपर के लिए आवेदन करना होगा। उन्होंने कहा कि जिला के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 630 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से शहर में 47 व ग्रामीण क्षेत्र में 583 मतदान केंद्र हैं। इसी प्रकार जिला में कुल 1500 से अधिक मतदाताओं वाले 12 मतदान केंद्र हैं। जिला में कुल 630 बूथ लेवल अधिकारी व 50 सुपरवाइजरी अधिकारी लगाए गए हैं। जिला में कुल 135 चुनाव साक्षरता क्लब तथा 362 चुनाव पाठशाला बनाई हुई हैं। जिला में 50 गांवों के कुल 159 वनरेबल मतदान केंद्रों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी।

जिला में 18 मॉडल बूथ बनाए गए हैं जिन्हें युवा, महिलाएं व दिव्यांगज अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा मैनेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला में इस बार लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करवाने के लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से अनेक गतिविधियां चलाई जाएंगी। जिला में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए सभी 630 बूथों पर वेब कार्सटिंग होंगी। इस अवसर पर नगराधीश अशोक कुमार भी उपस्थित थे।

# रोड शो व रैली के लिए राजनीतिक दल या उम्मीदवार को लेनी होगी परमिशन : जिला निर्वाचन अधिकारी

**रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक बंद रहेंगे लाउडस्पीकर**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि कि लोकसभा आम चुनाव में प्रत्येक राजनैतिक पार्टी व उम्मीदवार को निर्वाचन आयोग के नियमों व आदर्श चुनाव आचार संहिता की अनुपालना करनी होगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला में पारदर्शी व निष्पक्ष ढंग से चुनाव करवाए जाएंगे। उपायुक्त मंगलवार को लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हाल में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव से संबंधित सभी परमिशन ऑनलाइन सुविधा एप के माध्यम से दी जाएंगी, जिसके लिए राजनैतिक दलों को इस एप पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार दिव्यांगजन व 85 साल के वृद्धजनों के वोट घर से ही डलवाने के लिए पोस्टल बैलेट पेपर हेतु फॉर्म-12डी भरवाए जाएंगे, इसलिए सभी राजनीतिक पार्टियां ऐसे मतदाताओं को फार्म 12डी भरने हेतु प्रेरित करें।

उपायुक्त ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल को कोई रैली या रोड शो का काफिला निकालना है तो उसकी अनुमति जिला प्रशासन से लेनी जरूरी है। रोड शो का काफिला निकलता है तो उससे रोड जाम नहीं होना चाहिए। जहां पर अस्पताल व ट्रामा सेंटर होगा, वहां से कोई भी राजनीतिक पार्टी रोड शो का काफिला नहीं निकाल सकेगी। इसके अतिरिक्त रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं किया जाएगा। लाउड स्पीकर का उपयोग संबंधित क्षेत्र के एआरओ की अनुमति से ही किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि हैलीकॉप्टर व ड्रोन के उपयोग के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी से अनुमति लेनी होगी। धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के दौरान राजनीतिक दलों के किसी भी व्यक्ति द्वारा अपने भाषण में जाति, धर्म से संबंधित टिप्पणी नहीं करनी है। राजनैतिक दल अपने बैनर पर मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा व चर्च की फोटो का प्रयोग भी नहीं कर सकेंगे। जिला स्तर पर बनाई गई चुनाव खर्च निगरानी टीम उम्मीदवार के कार्यक्रमों पर नजर रखेगी। चुनावी कार्यक्रमों में उम्मीदवार आदर्श चुनाव आचार संहिता का ध्यान रखें।

निर्वाचन विभाग ने चुनावी खर्च का हिसाब- किताब रखने के लिए टेंट, भोजन, चाय, वाहन, प्रचार सामग्री आदि सभी की दरें तय की हुई हैं। लोकसभा चुनाव में एक उम्मीदवार 95 लाख रुपए तक की राशि खर्च कर सकता है। उम्मीदवारों को अपने खर्चे का विवरण चुनाव कार्यालय में जमा करवाना होगा। इस अवसर पर विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व नगराधीश अशोक कुमार उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर शस्त्र लाइसेंस धारक अपने लाइसेंसी हथियार जमा करवाएं : एसपी नूंह



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक नूंह ने शस्त्र लाइसेंस धारकों को जल्द से जल्द अपने लाइसेंसी हथियार नजदीकी पुलिस थाना में जमा करवाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि माननीय निर्वाचन आयोग द्वारा छठें चरण में दिनांक 25 मई 2024 को हरियाणा में भी लोकसभा चुनाव की घोषणा कर दी गई है। चुनाव की घोषणा के साथ जिला नूंह में भी आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गई है। चुनाव को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष और भय मुक्त वातावरण में संपन्न करवाने के उद्देश्य से लाइसेंस धारक अपना हथियार बिना किसी देरी के अपने नजदीकी थाना व गन हाउस में जमा कराएं। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आपके क्षेत्र में जिन-जिन लोगों के पास लाइसेंसी हथियार है उन सभी के हथियारों को चुनाव से पहले संबंधित पुलिस थाने या गन हाउस में जमा करवाएं इसके अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति गन हाउस में भी अपने हथियार जमा करवा सकता है परंतु हथियार जमा करवाने की रसीद को संबधित थाने में दिखाना अनिवार्य है। चुनाव के दौरान किसी भी व्यक्ति के पास कोई हथियार नहीं होना चाहिए। जो लोग अपने लाइसेंसी शस्त्र जमा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही वो अशांति फैलाने में शामिल पाए गए तो उनके शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। यदि शस्त्र लाइसेंस धारक अपना हथियार जमा नहीं करवाते हैं तो उनके शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण रोककर, लाइसेंस की कैंसिलेशन की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने जिले की आम जनता से भी अपील की है कि चुनाव के दौरान यदि कोई व्यक्ति शांति भंग करता है या किसी प्रकार का षड्यंत्र रचने की जानकारी उनके पास है तो इसकी तुरंत सूचना अपने निकटवर्ती पुलिस थाना या चौकी में दे सकते हैं। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम व पता गोपनीय रखा जाएगा। वही जिला नूंह की संपूर्ण जनता से चुनाव को शांति पूर्ण ढंग से सफल बनाने के लिए पुलिस विभाग को सहयोग की अपील की है।

# सोहना तावडू से विधायक कुंवर संजय सिंह को राज्य मंत्री का स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जजपा से गठबंधन तोड़ने के बाद मनोहर लाल सरकार ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया गया था। उन्होंने पांच मंत्रियों के साथ शपथ ली थी। जिसके बाद मंगलवार को प्रदेश के मुखिया नायब सिंह सैनी के मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ जिसमें सोहना तावडू से विधायक कुंवर संजय सिंह को राज्य मंत्री का स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया। संजय सिंह सोहना विधानसभा में पहली बार चुनाव लड़कर जीते हैं। उनके पिता कंवर सूरज पाल बंसीलाल सरकार में मंत्री रह चुके है। संजय राजपूत समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं।संजय सिंह को पद और गोपनीयता की शपथ जैसे ही दिलाई गई तो नूंह के लोगों का खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा। नूंह से पूर्व पार्षद कमल गोयल ने मिठाइयां बांटकर व बम पटाखे चलाकर खुशी जताई और सबको मुबारकबाद दी। पूर्व पार्षद कमल गोयल ने कहा कि नायब सिंह सैनी सरकार के मंत्रिमंडल में सोहना तावडू से विधायक कुंवर संजय सिंह को राज्य मंत्री का स्वतंत्र प्रभार दिया गया है। जिसकी वजह से पूरे इलाके में खुशी की लहर है। वही उन्होंने कहा कि लोगों में इतनी खुशी है कि जिसका इजहार नहीं किया जा सकता। मंत्रिमंडल में शामिल होने से इलाके का मान सम्मान बड़ा है। इस मौके पर महेंद्र गोयल, त्रिलोक चंद गोयल, अंकुर कथूरिया , जुगल नागपाल, सूरज चांद खुराना, सतपाल सिंगला, लक्ष्मण गर्ग, शेर सिंह डागर, रघुराज सिंह, कैलाश वशिष्ठ, टोनी बजाज, काले खुराना, मनोज कुमार, इंदरसैन सहित अन्य लोगों ने खुशी जताकर एक दूसरे को बधाई दी।

# 400 पार का आंकड़ा हासिल कर नरेंद्र मोदी तीसरी बार बनेंगे प्रधानमंत्री : राव नरबीर



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** हिसार, सिरसा व रोहतक लोकसभा के कलस्टर प्रभारी तथा वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि भाजपा विकास की पक्षधर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से देश में बड़ा बदलाव आया है। जिसके चलते अंतिम पायदान पर बैठे लोगो को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बदौलत 2047 में भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। इसलिए जनता का विश्वास है कि भाजपा तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 400 का आंकडा पार करेगी। राव नरबीर सिंह मंगलवार को डबवाली की अनाज मंडी तथा कालावाली में आयोजित सिरसा लोकसभा क्षेत्र की कलस्टर बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर सिरसा से पार्टी प्रत्याशी अशोक तंवर भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

**पूर्व मंत्री व तीन लोस कलस्टर प्रभारी ने सिरसा के डबवाली व कालावाली में ली कलस्टर बैठक**

पूर्व मंत्री ने कहा कि 2014 से पहले विश्व में हमारा उल्लेख नहीं होता था, लेकिन करीब दस साल के शासन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत को बडी ताकत के रूप में नहीं पहचान मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि न केवल देश अपितु विदेशों में भी उनको सुनने के लिए लोगो का सैलाब उमड पडता है। प्रत्येक भारतवासी का गौरव बढाने का कार्य करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों को देखते हुए आज पूरा देश 400 पार का नारा दे रहा है। इसलिए सभी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव की तैयारियों में पूरी तरह जुट जाए। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। जिससे प्रदेश का हर वर्ग लाभान्वित हुआ है। अब नए मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के लंबे राजनीतिक अनुभव व कार्यप्रणाली से निश्चित तौर पर भाजपा और मजबूत होगी तथा लोकसभा की सभी दस सीटों पर कमल खिलाने का कार्य किया जाएगा।

इस मौके पर लोकसभा सिरसा संयोजक आदित्य देवीलाल चौटाला, सिरसा लोकसभा उम्मीदवार अशोक तंवर, जिला अध्यक्ष फतेहाबाद बलदेव ग्रोहा, जिला अध्यक्ष सिरसा निताशा सिहाग, विधानसभा संयोजक बलदेव सिंह, जिला महामंत्री सतीश जग्गा, कार्यकारणी सदस्य जगदेव सिंह, अभिमन्यु कोछड, महावीर गोदारा, महावीर बिश्नोई, विनोद गोदारा, शारदा सारंग, बिमला सिमर, कालावाली विधानसभा से पूर्व विधायक बालकोर सिंह, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य हरदयाल सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष एडवोकेट भावना शर्मा, राजेंद्र सोनी, हरविंदर सिंह रोड़ी, सर्वजीत सिंह, रुलदु राम सहित काफी संख्या में प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**आवश्यक सूचना**

समाचार गेट का इस समाचार पत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि अवश्य कर लें।

# स्पेशल ट्रेनिंग सेंटर बच्चों का करवाया एजुकेशन भ्रमण टीम हेड मोहसिन खान




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** एसटीसी जीपीएस अडबर के बच्चों को घुमाने के लिए ले जाया गया जिसमें मोहसिन खान टीम हेड ने बताया कि हम उन बच्चो को स्कूल में पढ़ाते हैं जो स्कूल की दुनिया से अलग रहते हैं उन बच्चों को गांवों में सर्वे करके उनका दाखिला एसटीसी में करते हैं बच्चो को 9 महीने तक स्पेशल ट्रेनिंग दी जाती हैं इस बार EVs का कार्यकाल 31 मार्च 2024 तक हैं जिसमें बच्चों का पढ़ाई काफी नुकसान होता हैं हम सरकार से उम्मीद करते हैं कि EVs का कार्यकाल को अप्रैल से शुरू किया जाएं उसी में एक बार बच्चों को ट्रिप पर भी ले जाया जाता हैं इस बार बच्चों को दमदमा झील सोहना में ले जाया गया था जिसमें बच्चो ने नाव में बैठकर कर खूब आनंद लिया फिर बच्चों को झूलों पर झुलाया गया उसमें बच्चों ने खूब मजे किए उसके बाद रोपवे कराया गया बच्चे बहुत खुश थे बच्चों को खाना भी पीना कराया गया इसमें मौजूद थे टीचर्स साहिबान, खेमवती, सविता और टीम हेड मोहसिन खान।









समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# जनता के लिए 24 घंटे खुले हैं दरवाजे, एक-एक पल प्रदेशवासियों की सेवा में लगाऊंगा : मुख्यमंत्री

## मनोहर लाल को देश में सबसे बड़ी जीत के साथ संसद भेजेंगे : नायब सैनी

## पंचकूला से घरौंडा तक रोड़ शो में मुख्यमंत्री नायब सैनी के अभिनंदन में उमड़ी भीड़

## मोदी-मनोहर ने देश और प्रदेश की तस्वीर और तकदीर बदली : नायब सैनी



**समाचार गेट ब्यूरो**

**करनाल/चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव में विजय के लिए भारतीय जनता पार्टी ने करनाल से शंखनाद किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद नायब सिंह सैनी और लोकसभा प्रत्याशी बनाऐ जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल पहली बार करनाल में पहुंचे। घरौंडा की अनाज मंडी में आयोजित अभिनंदन समारोह में दोनों ने बड़े आत्मविश्वास से करनाल की सीट देश में सबसे बड़े मार्जिन से जीतने की बात कहते हुए प्रदेश की सभी दसों सीटों पर कमल खिलाने का दावा किया।

हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा है कि उनका एक-एक पल प्रदेश की सेवा में लगेगा और प्रदेशवासियों के लिए 24 घंटे उनके घर के दरवाजे खुले हुए हैं। मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल को अपना आदर्श बताते हुए उपस्थित करनाल की जनता से अपील की कि करनाल की जनता देश में सबसे ज्यादा मतों से जीताकर मनोहर लाल को संसद भेजें। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी कहा कि उनका जीवन जनसेवा के लिए समर्पित है। मनोहर ने मंच पर बैठे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और करनाल के सांसद संजय भाटिया के जनसेवा के कार्यों और पार्टी के प्रति समर्पण की भावना की तारीफ भी की। मनोहर ने कहा कि भाजपा का हरेक कार्यकर्ता पार्टी के प्रति समर्पण भाव से भरा है। भाजपा के सभी मंचासीन नेता स्वागत समारोह में उमड़ी भीड़ को देखकर गदगद थे। जिसके चलते भाजपा नेताओं ने अनेक बार मंच से भारत माता की जय, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के उद्घोष किए।

इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पंचकूला पहुंचकर नाडा साहेब गुरुद्वारा में माथा टेका और सड़क मार्ग से करनाल के घरौंडा की ओर रवाना हुए। पंचकूला, अंबाला, कुरूक्षेत्र और करनाल में मुख्यमंत्री का जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। देखते ही देखते मुख्यमंत्री का पंचकूला से घरौंडा तक का सफर एक रोड शो में बदल गया। जब मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री घरौंडा में अभिनंदन समारोह के मंच पर पहुंचे तो उनका जय श्रीराम के उद्घोषों से स्वागत हुआ। उपस्थित जनसमूह ने खड़े होकर नायब सिंह सैनी और मनोहर लाल का स्वागत और अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मंच संभालते ही अपने अभिनंदन को जनता का अभिनंदन बताया और कहा कि मेरे घर के दरवाजे जनता के लिए 24 घंटे खुलें है और मैं प्रदेश की सेवा में अपना एक-एक पल लगा दूंगा। उन्होंने कहा कि मैं पूर्व सीएम मनोहर लाल की उंगली पकड़कर ही राजनीति में आया हूं।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताते हुए कहा कि मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री पद तक पहुंचाया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को संत की उपमा देते हुए कहा कि मनोहर लाल ही मुझे उंगली पकड़कर राजनीति में लेकर आए और आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि मैं प्रदेश की जनता की लगातार सेवा करता रहूंगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि आप सभी घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करें और दस की दस सीटें जीताकर मोदी जी के पास भेजें।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ही मेरी उंगली पकड़कर राजनीति में लेकर आए हैं। मुझे इलम नहीं था कि मैं चुनाव लड़ूंगा, विधायक और मंत्री बनूंगा। मुझे यह भी पता नहीं था कि सांसद बन जाउंगा, प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री बनूंगा। मुझे यह सब बनाने वाला कोई और नहीं बल्कि संत मनोहर लाल हैं।

नायब सैनी ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और करनाल के सांसद संजय भाटिया की तारीफ करते हुए इन्हें भी त्यागी कहा। श्री सैनी ने कहा कि मनोहर लाल ने सीएम पद का त्याग किया तो वहीं संजय भाटिया ने एक ही झटके में अपने लोकसभा क्षेत्र से मनोहर लाल को प्रत्याशी बनाने की सहमती दी। नायब सैनी ने कहा कि अब आप सभी कार्यकर्ता सांसद संजय भाटिया से भी ज्यादा मतों से मनोहर लाल को जीताकर भारत में रिकार्ड कायम करें।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कभी भी अपने लिए काम नहीं किया है, बल्कि प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए एक-एक क्षण लगाया है। हरियाणा को एक नई दिशा देने का काम काम किया है। नायब सैनी ने कहा कि मनोहर लाल की सोच हरियाणा को विकसित प्रदेश बनाने की रही है और मैं उनकी सोच पर खड़ा होकर पहरा दूंगा। हरियाणा के किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 2019 में जिस बहुमत से जीत हासिल हुई थी उस जीत को प्रचंड जीत में बदलना है। इसके लिए हमें पहले जितने वोट मिले उनसे 370 अधिक वोट हर बूथ से जोड़ने का काम करना है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस की सोच कभी प्रदेश को आगे बढ़ाने की नहीं रही है। कांग्रेस की सोच तो सिर्फ यही रही है कि मेरा परिवार कैसे आगे बढ़े। कांग्रेस को चुनाव के समय ही गरीब लोग याद आते हैं। कांग्रेस झूठे वादों के सहारे ही गरीबों को भ्रमित करती रही है, लेकिन गरीबी हटाने के लिए कांग्रेस ने कभी काम नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने गरीब कल्याण की नीतियों से गरीबों को आर्थिक व सामाजिक रूप से मजबूत किया है। आयुष्मान और चिरायु जैसी योजना से जोड़ा है। गरीबों को पक्के मकान दिए हैं। हर घर नल से जल और गैस कनेक्शन देकर डबल इंजन की सरकार ने महिलाओं का जीवन सरल बनाया है।

**कांग्रेस सरकार गिराने का मंसूबा पालती रही, हम सत्ता के माध्यम से सेवा करते रहे : मनोहर लाल**

**ह्यूमन इंडिया/उमेश गर्ग**

**करनाल/चंडीगढ़।** समारोह को संबोधित करते हुए करनाल से लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हम सत्ता के माध्यम से जनता की सेवा करते रहे और कांग्रेस सरकार को गिराने के मंसूबे पालती रही। भाजपा सरकार ने नए-नए काम किए हैं और जनता को फायदा पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि हमारे काम विपक्ष को कभी समझ नहीं आए। विपक्ष शुरू-शुरू में कहता था हमें सरकार चलाने का अनुभव नहीं है, लेकिन हमने लगातार काम करके दिखाया और लोगों का जीवन सरल बनाने का काम किया। पूर्व सीएम मनोहर लाल ने कहा कि विपक्ष के नेता सरकार द्वारा चलाए गए पोर्टलों की लगातार आलोचना करते रहे हैं। परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, मेरा पानी, मेरी विरासत जैसी स्कीमों के बारे में बोलते थे कि हम इनको बंद कर देंगे। उन्होंने कहा कि जनता को ऑनलाइन सिस्टम से घर बैठे ही फायदा पहुंचा है। अब कांग्रेस ने भी विरोध करना कम कर दिया है। कांग्रेस को समझ आ गया है कि अब जनता कांग्रेस को ही खत्म कर देगी।

मनोहर लाल ने कहा कि परिवर्तन जीवन का दस्तूर है और परिवर्तन होते रहते हैं। जिस प्रकार परिवार के सदस्य को आगे बढ़ते हुए देखकर घर के बुजुर्ग को खुशी होती है, उसी प्रकार मुझे भी खुशी हो रही है। 12 मार्च को विधायक दल ने सर्वसम्मति से नायब सैनी को हरियाणा का नया मुख्यमंत्री चुना इससे मेरी भी इच्छा पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की पार्टियों में यह देखने को नहीं मिलेगा। दो-तीन महीने तो इसी बात को लेकर विपक्ष में झगड़ा रहेगा। कांग्रेस में तो खेमें हैं और वे खेमें अपने परिवार को ही आगे बढ़ाते हैं। मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सैनी और मैं स्वयं साधारण परिवार से हैं। नायब सैनी के परिवार से मैं मिला हूं। साधारण परिवार है। नायब सैनी 1995 में पार्टी से जुड़े और अपनी मेहनत से विधायक, मंत्री, सांसद, प्रदेश अध्यक्ष और अब मुख्यमंत्री बन गए हैं। मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को भी बधाई दी और उनका यहां पहुंचने पर अभिनंदन किया। मनोहर लाल ने दयालू स्कीम के बारे में बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 2200 परिवारों को बटन दबाकर योजना के तहत 108 करोड़ रुपये देने का पुण्य का काम किया है। इस योजना के तहत प्रदेश की भाजपा सरकार अब तक 400 करोड़ रुपये दे चुकी है। मनोहर लाल ने कहा कि जनता मेरी आराध्य है और जनता के हित में काम करना ही मेरा लक्ष्य है। हरियाणा में चलाई गई योजनाओं की नकल दूसरे प्रदेश भी करते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सांसद संजय भाटिया की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्री भाटिया ने मुझे करनाल से लोकसभा चुनाव लड़ने की सहमति दी है। उन्होंने कहा कि यही भाजपा का कल्चर है। भाजपा का कार्यकर्ता समर्पण की भावना से सब कुछ झटक देता है। मेरा परिवार मोदी परिवार सुखी बनें इसके लिए ही भाजपा का कार्यकर्ता दिन रात काम करता है। मनोहर लाल ने कहा कि पार्लियामेंट ने करनाल के लोगों की सेवा करने की जिम्मेदारी दी है। बोलते-बोलते पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल भावुक भी हो गए और उन्होंने कहा कि मेरी तरफ से कभी कोई उंच-नीच हो गई हो और किसी को तकलीफ हुई हो तो तकलीफ शब्द को निकाल दें और अच्छी बातों को ध्यान में रखकर आगे बढ़ें।

**मनोहर लाल करनाल के लिए हैं अपने मनोहर लाल : संजय भाटिया**

करनाल से निवर्तमान सांसद संजय भाटिया ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल चाहे पूरे हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे हैं, लेकिन वे करनाल के लिए अपने मनोहर लाल हैं। श्री भाटिया ने कहा कि यही कारण रहा है कि एक सूचना के आधार पर आज सैंकड़ों लोग पिछले रिकार्ड को तोड़ने के लिए घरौंडा में एकत्रित हुए हैं। संजय भाटिया ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को मनोहर लाल का लाड़ला बताया और दोनों की जोड़ी को राम-लक्ष्मण जैसी जोड़ी भी कहा। संजय भाटिया ने कहा कि मनोहर लाल सफेद कपड़ों में संत हैं। मनोहर लाल ने संगठनमंत्री होते हुए कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाया है। नायब सैनी का हाथ पकड़कर मुख्यमंत्री के पद पर विराजमान किया है, ऐसा भाजपा में ही संभव है।

समारोह में सांसद संजय भाटिया, राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, उत्तर प्रदेश से सांसद सतपाल सिंह, विधायक लोकसभा संयोजक हरविन्द्र कल्याण, लोकसभा प्रभारी घनश्याम अरोडा, विधायक रामकुमार कश्यप, विधायक प्रमोद विज, विधायक महिपाल ढांडा, प्रदेश उपाध्यक्ष वेदपाल एडवोकेट, प्रदेश महामंत्री डा अर्चना गुप्ता, प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बडौली, जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा जिलाध्यक्ष पानीपत दुष्यन्त भटट, कृष्ण बेदी, मेयर रेणु बाला गुप्ता, मेयर अवनीत कौर, पूर्व विधायक बक्शीश सिंह विर्क, भगवान दास कबीरपंथी, जिले राम शर्मा, जिला प्रभारी करनाल भारत भूषण जुयाल, जिला प्रभारी पानीपत उमेश शर्मा, जिला मीडिया प्रमुख डा अशोक कुमार, उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर, घरोंडां नगर पालिका अध्यक्ष हैप्पी लक गुप्ता, घरौंडा मंडल अध्यक्ष सुभाष चंद्र कश्यप, बरसात मंडल अध्यक्ष नरेश कैमरा, मोहिद्दीन मंडल अध्यक्ष योगेंद्र राणा, सहित हजारों की संख्या मे लोग मौजूद रहे।

# दस सालों में जनता का विश्वास भाजपा में बढ़ा है : मुख्यमंत्री नायब सैनी

## डबल इंजन सरकार द्वारा कराए गए विकास को लेकर जनता के बीच जाएगी भाजपा : मुख्यमंत्री नायब सैनी

## मुख्यमंत्री ने पंचकूला स्थित नाड़ा साहिब गुरुद्वारा में माथा टेक घरौंडा तक किया रोड शो

## नाडा साहिब गुरुद्वारा से आशीर्वाद लेने के बाद मुख्यमंत्री का अंबाला, कुरूक्षेत्र और करनाल में हुआ भव्य स्वागत



**समाचार गेट ब्यूरो**

**पंचकूला।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि जनता का विश्वास भाजपा सरकार में बढ़ा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा कराए गए कामों के दम पर जनता के बीच जाएंगे। श्री सैनी मंगलवार को पंचकूला में स्थित नाड़ा साहिब गुरुद्वारा में माथा टेकने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। यहां मुख्यमंत्री ने कहा कि नाडा साहिब गुरुद्वारा से आशीर्वाद लेकर वे करनाल से लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया, जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा और पूर्व विधायक लतिका शर्मा उपस्थित रहीं।

नायब सैनी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश है। हरियाणा से 10 के 10 कमल खिलाकर मोदी जी के पास भेजने का काम हरियाणा करेगा। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को एक नई दिशा देने का काम किया है। गरीब व्यक्तियों को योजनाबद्ध तरीके से लाभ पहुंचाया है। सीएम सैनी ने कहा कि इन दस सालों में डबल इंजन की सरकार ने गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। नायब सैनी ने कहा कि मोदी सरकार ने देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती से आगे बढ़ाने के साथ-साथ दुनिया में भारत के मान और सम्मान को उंचा किया है। चार करोड़ गरीब लोगों को पक्का मकान, गरीब महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन और हर घर नल से जल देकर लोगों के जीवन को सरल बनाने का काम मोदी सरकार ने किया है।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार किसान हितैषी सरकार है। किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से जोड़कर उनको मजबूत और सशक्त करने का काम 10 सालों में हुआ है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना बनाकर मोदी सरकार ने किसानों को फसलों में होने वाले नुकसान से बचाया है। गरीब व्यक्ति को डबल इंजन की सरकार ने पांच लाख रुपये का अधिकार देकर आयुष्मान और चिरायु योजना के तहत देकर सुरक्षित किया है।

नायब सैनी ने कहा कि डबल इंजन सरकार में बिना पर्ची और बिना खर्ची से नौकरियां लगने के कारण युवाओं का विश्वास भाजपा की सरकार पर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार प्रदेश के हित में और लोगों की सुरक्षा और सम्मान के लिए लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत को सशक्त और विकसित राष्ट्र बनाने के विजन पर काम कर रहे हैं। मोदी जी के विजन को सशक्त करने के लिए हरियाणा से 10 के 10 कमल खिलाकर प्रधानमंत्री मोदी के पास भेजेंगे।

**पंचकूला से करनाल तक जगह-जगह हुआ मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत**

नाड़ा साहिब गुरुद्वारा से आशीर्वाद लेने के बाद रोड शो करते हुए मुख्यमंत्री का काफिला करनाल की ओर रवाना हुआ। अंबाला पहुंचने पर बलदेव नगर सैदपुर में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। भारी संख्या में उमड़े लोगों ने जयश्रीराम, भारत माता की जय, मोदी-नायब जिंदाबाद के नारे लगाए। इसके बाद मुख्यमंत्री का काफिला कुरूक्षेत्र पहुंचा जहां पिपली से कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। हजारों की संख्या में उमड़े लोग मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ करनाल पहुंचे जहां पर कार्यकर्ताओं ने श्री सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का स्वागत किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद नायब सैनी पहली बार पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ घरौंडा पहुंचे जहां पर हजारों कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं का अभिनंदन एवं स्वागत किया।

# गुरुग्राम के श्री शीतला माता मंदिर में 26 मार्च से 23 अप्रैल तक आयोजित होगा चैत्र मेला

## डीसी निशांत कुमार यादव ने मेला प्रबंधन से जुड़े विभागों को सौंपी जिम्मेदारियां



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के श्री शीतला माता मंदिर में 26 मार्च से 23 अप्रैल तक चैत्र मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले के आयोजन को लेकर श्री माता शीतला देवी श्राइन बोर्ड ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। डीसी निशांत कुमार यादव ने चैत्र मेले के आयोजन को लेकर मंगलवार को मंदिर परिसर में संबंधित अधिकारियों तथा बोर्ड के सदस्यों की बैठक ली। इस दौरान श्री माता शीतला देवी मंदिर श्राइन बोर्ड के सीईओ एवं सोहना के एसडीएम सोनू भट्ट भी मौजूद रहे। बैठक में डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि उत्तर भारत का एक प्रमुख आस्था स्थल होने के चलते श्री शीतला माता मंदिर में आयोजित होने वाले चैत्र मेले में करीब आठ लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुँचने का अनुमान है। मेले में आने वाले श्रद्धालु गुरूग्राम शहर की एक बेहतर छवि अपने मन मे लेकर जाए इसके लिए आयोजन से जुड़ी सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाए। उन्होंने बोर्ड के सदस्य व मेला प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि चैत्र मेले में सप्ताह के 3 दिनों रविवार, सोमवार और मंगलवार के दौरान श्रद्धालुओं की ज्यादा भीड़ रहती है, उन दिनों में विशेष ध्यान रखा जाए। इसके अलावा, मंदिर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध भी सुनिश्चित करें।

गुरुग्राम पुलिस, गृह रक्षी बल तथा मंदिर की प्राइवेट सिक्योरिटी सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेंगे। यही नहीं, गुरुग्राम के मुख्य बस अड्डे तथा रेलवे स्टेशन से निर्धारित अंतराल पर राज्य परिवहन की विशेष बसें मंदिर के लिए चलाई जाएंगी ताकि श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने में किसी प्रकार की कठिनाई ना हो। उन्होंने कहा कि मेले के दिनों में मंदिर में साज सज्जा के साथ सफाई व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा जाएगा तथा श्रद्धालुओं के लिए अस्थाई व मोबाइल शौचालयों तथा पेयजल आदि की पूरी व्यवस्था होगी। इनके लिये उन्होंने जिम्मेदारियां भी सौंपी। डीसी ने यह भी कहा कि मेले के दिनों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से मंदिर परिसर में मेडिकल पोस्ट स्थापित की जाएगी, जहां पर 24 घंटे स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी रहेगी। इसके अलावा, एंबुलेंस भी 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी ताकि किसी को भी स्वास्थ्य संबंधी ज्यादा दिक्कत होने पर नजदीकी अस्पताल में जल्द से जल्द पहुंचाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि मेला के दिनों में फायर ब्रिगेड के वाहन भी 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे।

डीसी ने बैठक में उपस्थित पुलिस विभाग के अधिकारियों को मेला के दिनों के लिए ट्रैफिक प्लान तैयार करने के लिए भी कहा है ताकि उन दिनों में मंदिर तक श्रद्धालुओं को पहुंचने में दिक्कत ना आए, श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग की पूरी व्यवस्था हो और शहरवासियों को भी मंदिर के आसपास ट्रैफिक जाम की समस्या का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान प्रसाद विक्रेताओं की दुकानों व मुंडन वाले स्थानों पर निर्धारित रेट लिस्ट के बोर्ड लगाए जाएंगे। साथ ही चूंकि देश मे लोकसभा के चुनाव प्रस्तावित है ऐसे में लोगों में इस लोकतंत्र के पर्व को लेकर जागरूकता बनी रही इसके लिए मेले में मतदाता जागरूकता के बोर्ड भी लगवाए जाएं। उन्होंने बोर्ड के सीईओ सोनू भट्ट को निर्देश दिए कि वे मंदिर परिसर व बाहर स्थित प्रसाद की दुकानों के मालिकों के साथ बैठक कर यह सुनिश्चित करें कि वे प्रसाद की गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए दुकान के आसपास सफाई का भी विशेष ध्यान रखे। इस अवसर पर नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त डॉ नरेश, सीटीएम कुंवर विक्रम आदित्य, ओएसडी टू डीसी प्रीति रावत, बोर्ड के सदस्य अजीत बेनीवाल, अरुण महेश्वरी, ब्रह्मप्रकाश, रघुबर दयाल, राम सज्जन सिंह, यादराम बंसल, पूजा खेत्रपाल, पंकज, सिविल सर्जन कार्यालय से डॉक्टर प्रदीप सहित जीएमसीबीएल व अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# नेता बदला पर सरकार की नीयत और नीति नहीं: सैलजा

## बेरोजगार युवकों की आत्महत्या सरकार की सबसे बड़ी विफलता



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश की बीजेपी सरकार ने नेता बदला है अपनी नीयत और नीति नहीं, हालात पहले जैसे है। बेरोजगार चरम पर है, आज भी एक बेरोजगार ने आत्महत्या की है, जो सरकार के लिए शर्मनाक है और सरकार की विफलता का प्रमाण है। इस चुनाव में जनता बीजेपी को सबक सिखा कर रहेगी। मीडिया को जारी बयान में उन्होंने कहा है कि भाजपा के नए ड्रामे से जनता को क्या मिला? युवाओं को न रोजगार मिला, जनता को सुशासन और न ही अपराध मुक्त प्रदेश मिला। फिर किस बात पर बीजेपी अपनी पीठ थपथपा रही है। उन्होंने कहा है कि भाजपा के लिए बेरोजगारी शायद कोई मुद्दा ही नहीं है, प्रदेश की जनता पर ध्यान देने की बजाय नायब सरकार तो मंत्रिमंडल के विस्तार की तैयारियों में लगी है जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। प्रदेश में बेरोजगारों का कोई हाल भी पूछने वाला नहीं।

कुमारी सैलजा ने कहा है कि भाजपा ने ऊपर का पोस्टर बदला है लेकिन अंदर वही पुराना काम ही चल रहा है। सरकार की न तो नियत बदली है और न ही नीति। बीजेपी सरकार के कार्यकाल में नशा बढ़ा, अपराध, बढ़ा, भ्रष्टाचार बढ़ा। सरकारी संरक्षण में बड़े बड़े घोटाले हुए, जांच के नाम पर सब दफन कर दिए गए। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार देने का वायदा कर सत्ता हासिल करने वाली बीजेपी आज रोजगार छीनने के साथ रोजगार खत्म कर रही है। रोजगार के नाम पर युवाओं को इजरायल भेज कर उन्हे मौत के मुंह में धकेल रही है। ऐसी सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई हक नहीं है। प्रदेश की परेशान जनता ने बीजेपी को सबक सिखाने का मन बना लिया है, बस उसे चुनाव का इंतजार है।

